सुविचार

कोई भी अपने लिये आलसी होने की और मुर्ख होने की योजना नही बनाता। ये सारी चीजे तो तभी होती है जब आपके पास कोई योजना नही होती है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम ⟹ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 234 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, गुरुवार 16 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


### दिव्या ने विधानसभा में धारीवाल को घेरा

## कहा- मीणा समाज के नेता को आतंकी कहा, जाट की बेटी का चरित्र हनन किया?

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने बुधवार को विधानसभा में स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को जमकर घेरा। वीरांगना मंजू के नाते जाने के बयान और किरोड़ी को आतंकी कहने के बयान को लेकर धारीवाल पर मदेरणा ने निशाना साधा। दिव्या ने कहा- मैंने जब मंत्री के आतंकी कहने वाले बयान का विरोध किया तो मेरे इलाके की 44 सड़कों को रातों-रात रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री इसमें गंभीरता से हस्तक्षेप करें। मंत्रीजी आजकल जिद पर आ जाते हैं और उनकी जिद सबसे बड़ी होती है। अगर मेरी रद्द सड़कें मंजूर नहीं हुई तो मैं वीरांगनाओं की तरह मुंह में घास लेकर ओसियां की जनता के साथ धरने पर बैठ जाउंगी, आप में हिम्मत है तो रात को 3 बजे उठा देना। दिव्या ने कहा कि आपके पास छह महीने का समय है, जब चुनाव में जाना है। आपके पास मिनिस्ट्री है, जिस कलम से दस्तखत करते हैं, उस पर इतना मत इतराइए, यह भी उधार की है और ऐसे दरिया तो बहुत जल्दी चढ़कर उतर जाते हैं।



### जाट-गुर्जर-मीणा कांग्रेस के वोट बैंक

दिव्या ने कहा- गुर्जर कितनी दिल की गहराइयों से आपको(कांग्रेस को) चाहता है, यह सर्वविदित है। मीणा समाज कितना चाहता है। मीणा समाज के कद्दावर नेता को आप आतंकी कहते हैं। जाट समाज की बेटी मंजू को नाते के नाम से आप चरित्र हनन करते हैं। गुर्जर, मीणा और जाट ये खेतीहर हैं और हमारे कांग्रेस के वोट बैंक हैं, 45 परसेंट से ज्यादा इसका हिस्सा है। गजब की आप सोशल इंजीनियरिंग कर रहे हैं। 6 महीने बाद आप चुनाव में जाने वाले हैं।

### एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल विधानसभा में पेश

वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल विधानसभा में रख दिया गया है। विधि मंत्री शांति धारीवाल ने बुधवार देर शाम वकीलों की सुरक्षा से जुड़े बिल को विधानसभा सदन में रखा। इस बिल को 20 मार्च के आसपास पारित करवाने की तैयारी है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर वकीलों ने पिछले कई दिनों से काम का बहिष्कार कर रखा है।

**मंत्री तो आलाकमान को भी चुनौती दे सकते हैं, मैं तो छोटी सी कार्यकर्ता**

दिव्या ने कहा- मैं पार्टी के प्रति वफादार थी और कोई मेरी वारदात नहीं थी। मंत्री आलाकमान को भी चुनौती दे सकते हैं, मैं तो छोटी सी कार्यकर्ता हूं। मुझे 2 दिन के घटनाक्रम पर अफसोस होता है। क्या पता इन्होंने सोच लिया हो कि हम तो डूबेंगे, आपको भी ले डूबेंगे सनम। हम तारे नहीं डूबने वाले। वह तो रंधावा साहब को धन्यवाद करना चाहती हूं कि सारे इस्तीफे वापस करवाए वरना मंजर कुछ और होता। मैं तो उस वक्त भी साथ में नहीं थी। वीरांगनाओं के मुद्दे पर सरकार का बयान सही था और मैं मुख्यमंत्री की इस बात का समर्थन करती हूं कि परिवार के बाहर नौकरी नहीं दी जानी चाहिए।

### शताब्दी वर्ष तक 2500 विस्तारक लगाएगा RSS

## देशभर में 1 लाख शाखा लगाने का लक्ष्य चुनाव से पहले घर-घर पहुंचने की तैयारी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हरियाणा के पानीपत में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में आम जनता के बीच पहुंचने के लिए नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत संघ देशभर में शताब्दी वर्ष से पहले एक लाख शाखा लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए संघ द्वारा देशभर में ढाई हजार नए विस्तारक लगाए जाएंगे। वहीं चुनाव से पहले सामाजिक सर्वेक्षण के जरिए फ्ररर के कार्यकर्ता गली और मोहल्लों की समस्याओं का समाधान करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हरियाणा के पानीपत आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक हाल ही में समाज को साथ जोड़ने के लिए व्यवसायिक शाखाओं को अपनी शाखा क्षेत्र का सर्वेक्षण कर समस्याओं का निराकरण करने का टास्क दिया गया है। इसके साथ ही संघ की शाखाओं को संघ के शताब्दी वर्ष तक एक लाख से ज्यादा स्थानों पर शाखा लगाने के लिए देशभर में




2500 शताब्दी विस्तारक लगाने का फैसला लिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघ चालक डॉ रमेश चंद अग्रवाल ने बताया कि प्रतिनिधि सभा में संघ के कार्य की वर्तमान स्थिति, कार्य के विस्तार, कार्य की गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया। सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाएं, जिसमें व्यवसायिक स्वयंसेवक जाते हैं। ऐसी सभी शाखाओं को आह्वान किया गया। अब वह समाज परिवर्तन के काम में आगे बढ़े और उसके लिए अपने शाखा क्षेत्र का सामाजिक सर्वेक्षण कर, उस भौगोलिक क्षेत्र की समस्या का निराकरण करने का फैसला किया गया है। प्रतिनिधि सभा में स्वआधारित राष्ट्र के नवोत्थान का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए प्रस्ताव पारित हुआ। इसमें स्वयंसेवक को विशेष रूप से और संपूर्ण समाज को संघ की ओर से आह्वान किया गया। जिसके तहत स्वदेशी, स्वधर्म, स्वराज और स्व के प्रति अभिमान का भाव जागृत करने का संकल्प लिया जाना है। अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम वर्तमान में 80 हजार स्थानों पर चल रहा है। लेकिन आने वाले शताब्दी वर्ष में एक लाख से ज्यादा स्थानों पर संघ का सीधा काम संघ की शाखा या संघ का मिलन हो। इसे ध्यान में रखते हुए देश में 2 वर्ष के लिए पूरा समय देने वाले 2500 से ज्यादा शताब्दी विस्तारक काम करेंगे। उन्होंने ने बताया कि सरकार्यवाह की ओर से तीन वक्तव्य प्रसारित किए गए। पहला वक्तव्य भगवान महावीर के निर्वाण के 2550वें वर्ष के संपन्न होने पर रहा। इसके अलावा आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती का ये 200वां जन्म जयंती वर्ष है, उस पर दूसरा वक्तव्य प्रसारित किया गया। जबकि तीसरा वक्तव्य छत्रपति शिवाजी के राज्यारोहण कार्य 450 वां वर्ष को लेकर हुआ।

## अडाणी मामले में विपक्ष के 16 दलों का पैदल मार्च

**ED ऑफिस के लिए निकले, पुलिस ने पहले ही रोका; 25 मिनट बाद प्रदर्शन खत्म**

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भारी हंगामे के बाद लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता जहां अडाणी मामले की जांच के लिए JPC की मांग पर अड़े रहे, वहीं भाजपा के सांसद लंदन में दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे। इधर, सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर विपक्ष के 16 नेताओं ने बैठक की। आज ही राहुल गांधी विदेश से लौटे और एक बार फिर अडाणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इधर, सत्र स्थगित होते ही विपक्ष के नेता एऊऑफिस पर प्रदर्शन के लिए निकले। हालांकि पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक लिया। सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े 10 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में विपक्ष के 16 दलों के नेताओं ने बैठक की। इसमें हिंडनबर्ग-अडाणी रिपोर्ट की जांच के लिए खढउ की मांग को लेकर सरकार पर और दबाव बनाने पर सहमति बनी। सभी दलों ने एक सुर में अडाणी मामले में सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। इसके अलावा बैठक में यह भी तय हुआ कि अडाणी मामले की जांच



को लेकर एक चिट्?ठी लिखी जाएगी, जिस पर सभी विपक्षी सांसदों के दस्तखत होंगे। इसे एऊ को सौंपा जाएगा और जांच की मांग की जाएगी। इसके लिए संसद से लेकर एऊ ऑफिस तक पैदल मार्च किया जाएगा। इससे पहले संसद सत्र के तीसरे दिन भी भाजपा और कांग्रेस के बीच राहुल और अडाणी मुद्दे को लेकर जमकर टकराव हुआ। भाजपा ने जहां एक बार फिर लंदन में राहुल गांधी के दिए बयान को लेकर उनसे सदन में माफी की मांग की। वहीं कांग्रेस और विपक्षी दलों ने अडाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट की खढउ से जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। आखिरकार हंगामे की वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 2 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र स्थगित होते ही सभी मार्च के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें एऊ ऑफिस से ढाई किलोमीटर दूर विजय चौक पर ही रोक लिया। सांसद एऊऑफिस नहीं जा सके। करीब 25 मिनट तक विजय चौक पर ही प्रदर्शन करने के बाद सभी नेता संसद की ओर लौट गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'सरकार ने 200 सांसदों को रोकने के लिए 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया है। वे बात लोकतंत्र की करते हैं, लेकिन हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी रोका जा रहा है। हम तो सिर्फ एऊ के ऑफिस जाकर अडाणी मामले की डिटेल इन्वेस्टिगेशन के लिए शिकायती चिट्?ठी देना चाहते थे। हमें रोकना कौन सा लोकतंत्र है।' प्रदर्शन में शरद पवार की ठउढ और ममता बनर्जी की ळटउ के सांसद शामिल नहीं हुए। संसद जब दो बजे के बाद दोबारा शुरू हुआ तो एक बार फिर इन्हीं मुद्दों पर हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लगातार तीसरे दिन राज्यसभा और लोकसभा गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## शिकागो एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के 300 यात्री फंसे: दिल्ली आने के लिए 24 घंटे से इंतजार कर रहे; एयरलाइंस ने कहा-दूसरी फ्लाइट से भेजेंगे

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के शिकागो एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के 300 यात्री फंसे हुए हैं। टेक्निकल इश्यू की वजह से 24 घंटे से भी ज्यादा समय में फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकी है। दरअसल, फ्लाइट को शिकागो से मंगलवार को भारतीय समयानुसार 13.30 बजे टेकऑफ करना था। 15 मार्च को 14.20 बजे दिल्ली में उतरना था, लेकिन अभी भी फ्लाइट ने उड़ान नहीं भरी है। गोपाल कृष्ण सोलंकी नाम के पैसेंजर ने कहा कि 300 पैसेंजर लगभग 24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फ्लाइट के बारे में कुछ भी पता नहीं है। एयरलाइन से जब इस बारे में पूछा गया तो उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। दूसरे पैसेंजर ने एक वीडियो जारी किया है। उसने कहा कि हम नहीं जानते कि वास्तव में क्या चल रहा है। हमें कब फ्लाइट मिलेगी, यह भी नहीं पता है। मामले में एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि 14 मार्च को टेक्निकल इश्यू की वजह से उड़ान संख्या एआई 126 को कैंसिल करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पैसेंजर्स की मदद की जा रही है। उन्हें दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजने की कोशिश की जा रही है।






### किसानों का पैदल मार्च, जैसे सड़क पर ड्रैगन चल रहा

## नासिक से मुंबई तक 203 किमी का सफर, प्याज पर MSP की मांग

**नासिक।** नासिक के डिंडोरी से करीब दस हजार किसान पैदल चलकर मुंबई के आजाद मैदान में प्रदर्शन करने जा रहे हैं। सोमवार से शुरू हुआ किसानों का पैदल मार्च बुधवार को कसारा घाट से गुजरा। यहां ड्रोन से देखने पर ऐसा लगा मानो सड़क पर ड्रैगन चल रहा हो। ये किसान, आदिवासियों को जमीन पर हक, प्याज पर टरढ और कर्जमाफी की मांग कर रहे हैं। डिंडोरी से मुंबई का आजाद मैदान 203 किलोमीटर दूर है। किसान रोज 25 किलोमीटर पैदल चलते हैं। चलते समय अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हैं। जहां रुकते हैं, वहीं चूल्हा जलाकर खाना बनाते-खाते हैं और आंदोलन की रणनीति बनाते हैं। अभी किसान मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर हैं। किसानों को 20 मार्च को मुंबई पहुंचकर प्रदर्शन करना है। किसान नेताओं की प्रशासन से बात भी चल रही है। प्रशासन से मांगे पूरी होने का आश्वासन लगातार मिल रहा है, लेकिन किसान नेता सरकार से मांगे पूरी करने की घोषणा करने को कह रहे हैं। अखिल भारतीय किसान सभा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अगुआई में निकाले जा रहे मार्च में किसानों के साथ लेफ्ट पार्टी के जेपी



गावित, अजित नवले जैसे नेता और नासिक जिले के आदिवासी बहुल बागलान, कलवन, डिंडोरी तहसील के आदिवासी, मजदूर भी हैं।

**कानून व्यवस्था और ट्रैफिक प्लान की तैयारी**

डीसीपी किरण कुमार चव्हाण ने बताया कि हमने लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात किया है। ट्रैफिक प्रभावित न हो, इसलिए सड़क पर दो रूट बनाए गए हैं।

**सरकार से सिर्फ आश्वासन मिला, न्याय नहीं**

अखिल भारतीय किसान सभा की महाराष्ट्र इकाई के महासचिव अजीत नवाले ने कहा- प्याज के दाम जब भी गिरे, किसानों को सरकार से सिर्फ आश्वासन मिला, न्याय नहीं। हम दूध उत्पादकों के मुद्दे उठाते रहे हैं, लेकिन सरकार केवल आश्वासन दे रही है। किसान न्याय के लिए सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से पैदल मार्च निकाल रहे हैं।

| पूर्वानुमान> | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|
| 25° अधिकतम> | 33°c | 33°c | 33°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 20°c | 19°c | 19°c | 19°c |

# आयुर्वेदिक : क्रिया शारीर विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 06 दिवसीय सीएमई का शुभारम्भ

## कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने की





### प्रो. सी. आर. यादव ने पधारे सभी अतिथियों का किया स्वागत

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** बुधवार को स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में सोमवार से जारी सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत धन्वन्तरी वन्दना से हुई। उसके उपरांत क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सी. आर. यादव से आगंतुक अतीथियों का साफा, शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत प्रो. सी. आर. यादव ने स्वागत भाषण देते हुए सभी का कार्यक्रम में स्वागत किया। उद्घघाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुये संस्थान के माननीय कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं विषय विशेषज्ञों का स्वागत करते हुये अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही प्रो. शर्मा ने विभाग की विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए विभाग की उल्लेखनीय शैक्षणिक, नैदानिक एवं अनुसंधानात्मक गति विधियों की चर्चा की। आज के कार्यक्रम के विशिष्ट अतीथि प्रो. महेंद्र सिंह मीना जयपुर ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में अपनी शिक्षण पद्धतियों को प्रायोगिक रूप से अपनाने पर जोर देते हुए, एविडेंस बेस्ड लर्निंग पर जोर देने की बात कही। आज के वैज्ञानिक सत्रों में प्रो. नन्द किशोर दाधीच, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय देहरादून ने रस-रक्तादि धातुओं के सब्जेक्टिव एवं ऑब्जेक्टिव क्राइटेरिया एवं उपधातु विषय पर अपना वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत किया। आज के दूसरे सत्र में प्रो. प्रेम चन्द मंगल, कुरुक्षेत्र आयुष विश्वविद्यालय हरियाणा के विषय विशेषज्ञों ने पित्त दोष एवं ओज के सिद्धांत का वैज्ञानिक एवं तर्कपूर्ण विवेचन किया। सभी सत्रों के सम्यक संचालन में विभागीय संकाय सदस्यों डॉ. महेन्द्र प्रसाद, डॉ. सारिका यादव, डॉ. भानू प्रताप सिंह एवं डॉ. रश्मि गुरव एवं विभागीय पी.जी./ पी. एच. डी. अध्येताओं का विशेष योगदान रहा।



## पंचाग

**दिनांक 16मार्च 2023 गुरुवार**
**विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 16:38:50 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | पूवार्षाढा | 28:45:47 |
| योग | व्यतिपत | 10:05:26 |
| करण | गर | 16:38:50 |
| करण | वणिज | 27:25:35 |
| चन्द्र राशि | धनु | |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:36:56 | |
| सूर्यास्त | 18:34:30 | |
| चंद्रोदय | 27:19:23 | |
| चंद्रास्त | 12:41:13 | |
| राहू काल | 14:05-15:35 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| शुभ | 06:37-08:07 | शुभ |
| चर | 11:06-12:36 | शुभ |
| लाभ | 12:36-14:05 | शुभ |
| अमृत | 14:05-15:35 | शुभ |
| शुभ | 17:05-18:35 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
दशामाता व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# स्मैश रैकेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्धघाटन जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने किया





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** महासचिव मोहम्मद इकराम ने बताया कि 15.मार्च को राजस्थान स्मैश रैकेट संघ एवं भारतीय स्मैश रैकेट महासंघ के तत्वाधान में चौगान स्टेडियम जयपुर में तीन दिवसीय सीनियर नेशनल स्मैश रैकेट चैम्पियनशिप 2023 का उदघाटन मुख्य अतिथि मुनेश गुर्जर महापौर हेरिटेज नगर निगम जयपुर के कर कमलो द्वारा किया गया। उद्?घाटन समारोह में अध्यक्षता मित्रोदय गांधी, राजस्थान स्मैश रैकेट संघ ने की, विशिष्ट अतिथि डॉ. जयश्री भार्गव प्रधानाचार्य, जनरल सेक्रेट्री भारतीय स्मैश रैकेट महासंघ मोहमद इकराम, मुख्य निर्णायक विनोद कुमार शर्मा, असद शेख, जय श्री मेडम, नीलम, मधु पुल्ली अविनाश पाटिल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 14 प्रान्तों की 232 खिलाडियों ने टीम इवेन्टस पुरुष व महिला वर्ग, डबल इवेंटस पुरुष एवं महिला और मिक्स डबल्स मे पुरुष एवं महिला खिलाडियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों को तिलक लगाकर, माल्यार्पण, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सत्कार किया गया। मुख्य अतिथि मुनेश गुर्जर महापौर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राजकीय बालिका उ.मा.वि.गणगौरी बाजार जयपुर की छात्राओं द्वारा स्वागत गान सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर आगन्तुको को राजस्थान की संस्कृति से रूबरू कराया। जिसको सभी ने सराहा। महिला टीम इवेंटस में राजस्थान बनाम बिहार मे राजस्थान 2-1 से, पुरुष टीम इवेंटस मे तेलंगाना बनाम मध्यप्रदेश में तेलांगना 2-0 से, मेन्स डबल मे मुम्बई बनाम झारखण्ड में मुम्बई 2-1 से, बुमेन डबल्स में राजस्थान बनाम उत्तराखण्ड में राजस्थान 2-0 से विजयी हुआ।

अनशन का 38वां दिन

# बीकानेर कैमिस्ट एसोसिएशन व राम लक्ष्मण दशहरा कमेटी ने ने रांका के अनशन को दिया समर्थन

### न्याय व सत्य की डगर कठिन, लेकिन सफलता निश्चित : किशन जोशी

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाजपा नेता महावीर रांका द्वारा ईसीबी कार्मिकों की ज्वाइनिंग हेतु दिए जा रहे अनशन को बीकानेर की विभिन्न संस्थाओं, संगठनों, राजनैतिक दलों का भी समर्थन निरन्तर मिलता जा रहा है। यूआईटी के पूर्व चैयरमेन महावीर रांका ने बताया कि अनशन के 38वें दिन बुधवार को बीकानेर कैमिस्ट एसोसिएशन एवं राम लक्ष्मण दशहरा कमेटी द्वारा समर्थन दिया गया। एसोसिएशन सचिव किशन जोशी ने समर्थन पत्र देते हुए कहा कि महावीर रांका जन-जन के नेता हैं और वर्तमान में ईसीबी के 18 कार्मिकों के लिए जो संघर्ष कर रहे हैं वो वाकई चुनौतीभरा कार्य है। न्याय व सत्य की इस डगर कठिन जरूर है, लेकिन सफलता निश्चित मिलेगी। इस दौरान कैमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नंदलाल पुरोहित, आभाराम जोशी व जेठमल तंवर एवं राम लक्ष्मण दशहरा कमेटी के सुभाष भोला व हंसराज डागा आदि उपस्थित रहे। भाजपा के विष्णु भगवान तंवर ने बताया कि अनशन पर पंकज गहलोत, जय उपाध्याय, नवीन विश्नोई, मेहुल यादव, जेठाराम मेघवाल डटे हुए हैं। अनशन स्थल पर डॉ. भगवानसिंह मेड़तिया, ओम राजपुरोहित, राजेन्द्र शर्मा, मधुसूदन शर्मा, तेजाराम राव, रमेश पारीक, श्रीराम अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, विक्रम स्वामी, अर्जुनराम, लक्ष्मीनारायण भोजक, नरेश मक्कड़ आनन्द सोनी, जितेंद्रसिंह भाटी, मालमसिंह, रमेश सैनी, बृजमोहन भाटी, नवरतन सिसोदिया, मोहित बोथरा, गणेशमल जाजड़ा, हरिशंकर मिश्रा, इंद्र ओझा, टेकचन्द यादव, लक्की पंवार, पवन सुराणा, जितेन्द्र आचार्य, रतनलाल पारीक, दाऊलाल हर्ष, रवि भाटी आदि उपस्थित रहे।



# जनसुनवाई में समस्याओं का किया गया निस्तारण



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा ।** उपखंड के पंचायत समिति सभागार भवन में श्रम विभाग की जनसुनवाई एवं शिवर बुधवार को आयोजित हुई। जिसमें लोगों ने अपनी समस्या को श्रम विभाग के अधिकारियों को बताया जिसमें छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप में आ रही समस्याओं का श्रम विभाग के अधिकारियों ने तत्काल ही समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान श्रम विभाग के अधिकारी, बृजेश लाल मीणा ,अमित मिश्रा, श्रीप्रकाश शर्मा, आजम खान, सहायक विकास अधिकारी प्रभु लाल बेरवा ,अतिरिक्त विकास अधिकारी कमलेश मीणा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# जैन महिला मंडल पहुंची दिव्यांग सेवा संस्थान, बच्चों को दिए जरुरत के सामान



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जैन महिला मण्डल द्वारा गोपेश्वर बस्ती स्थित दिव्यांग सेवा संस्थान में बच्चों की जरूरत के अनुसार प्रोजेक्टर, दो अलमारी, चप्पलें एवं ज्यूस व मेहन्दी-कोण वितरित किए गए। मण्डल संयोजिका प्रीति डागा ने बताया कि जरुरतमंद को दी गई सेवा ही श्रेष्ठ होती है। संचालक जेठाराम ने बताया कि जैन महिला मंडल की महिलाओं ने बच्चों के साथ गेम खेले और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में ममता रांका, प्रेम नौलखा, कंचन छल्लाणी एवं मीना दस्साणी सहित अनेक महिलाओं की सहभागिता रही।

# शीतल व ठंडे व्यंजनों से प्रसन्न होती है शीतला माता, खाओ ठंडा, रहों निरोगा

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर। चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी यानी बुधवार को लोकपर्व बास्योड़ा परम्परागत रूप से मनाया गया। इस मौके पर बीकानेर के शीतला माता मंदिरों में दर्शनों व पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़ की वजह से माहौल मेले जैसा हो गया। परम्परागत रूप से लोगों ने एक दिन पहले अपने घरों में बने बास्योड़ा का मां शीतला को भोग लगाया तथा परम्परागत रूप से मंदिरों में झाड़ू व नमक चढ़ाकर स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दिन लोगों ने बास्योड़ा के रूप में एक दिन पहले घरों में बने परम्परागत सांगरी की सब्जी, बाजरे की रोटी, दही बड़ा, दाल पुड़ी, सादी पुड़ी, छाछ-दही, राबड़ी आदि का भोजन किया। ऐसी मान्यता है कि शीतला माता का पूजन कर चेचक आदि बीमारियों से परिवार की रक्षा व स्वास्थ्य होने की कामना की जाती है।



# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्षा अंजना पंवार ने किया जयपुर दौरा

## सफाई व्यवस्था को जन जागरूकता और सहभागिता से सुदृढ़ करने की कहीं बात

### जयपुर रेल्वे स्टेशन का किया निरीक्षण

गरीबों का सितारा

**अंजना पंवार।** (उपाध्यक्षा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग) भारत सरकार ने बुधवार को जयपुर दौरे के दौरान प्रधान कार्यालय-उत्तर पश्चिम रेलवे में विजय शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे तथा रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने सफाई व्यवस्था को जन जागरूकता और सहभागिता के माध्यम से सुदृढ़ करने की बात कही तथा जयपुर स्टेशन का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार अंजना पंवार, उपाध्यक्षा, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक में रेलवे परिसरों तथा ट्रेनों में सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने सफाई व्यवस्था को जन जागरूकता और सहभागिमता के माध्यम से सुदृढ़ करने की बात कही। अंजना पंवार ने सफाई कर्मचारियों के साथ सीधा संवाद कर उनको दिन-प्रतिदिन होने समस्याओं तथा उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। अंजना पंवार ने सफाई कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा कान्ट्रेक्ट के आधार पर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी के आधार वेतन प्रदान करने व काम के तय घण्टों के आधार पर कार्य की सुनिश्चिता के लिये दिशा निर्देश दिये। उन्होंने रेलवे में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी करने का सुझाव दिया जिसमें सम्बंधित कर्मचारी का ब्लड ग्रुप भी अंकित होना चाहिये ताकि किसी भी आपात दुर्घटना में उसको उचित उपचार मिल सकें। विजय शर्मा महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने बैठक में उपस्थित उपाध्यक्षा, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार व अन्य अतिथियों के स्वागत सम्बोधन में कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह बैंक के माध्यम से समय पर वेतन भुगतान किया जाता है। सभी सफाई कर्मचारियों को यूनिफॉर्म एवं एप्रिन, दस्ताने, जूते, लम्बे हत्थे का झाडू एवं मास्क उपलब्ध करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी सफाई कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान चिकित्सा की आवश्यकता होती है तो तुरन्त चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, ऑल इण्डिया एससी/एसटी कर्मचारी एशोशियेशन के पदाधिकारीगण सहित रेलवे कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंजना पंवार, उपाध्यक्षा, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार ने जयपुर स्टेशन का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी कार्यप्रणाली व समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किये।





# पुरस्कृत शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला को सौंपा ज्ञापन!



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान के प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर जयपुर में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला के निवास पर मिले । प्रदेश अध्यक्ष सुश्री निर्मल ग्रोवर व प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सानिध्य में प्रदेश के 150 से अधिक पुरस्कृत शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला के निवास पर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं देते हुए सोल व स्मृति चिन्ह भेंट कर अपना मांग पत्र सौंपा । भीलवाड़ा से प्रतिनिधि के रूप में जिला सचिव जगदीश चंद्र शर्मा व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाराशर ने प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर शिक्षा मंत्री के निवास पर पहुंचे । जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाराशर ने बताया कि सरकार द्वारा पुरस्कृत शिक्षकों को दी जाने वाली स्थानांतरण में प्राथमिकता के आदेश को निरस्त कर दिया गया है उसे पुनः लागू करवाने हेतु ज्ञापन दिया गया व अकादमियों में सदस्य नियुक्त करने की भी पूर्व में सरकार द्वारा घोषणा की गई, लेकिन उसे अभी तक लागू नहीं किया गया । पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान ने सरकार से अकादमियों में पुरस्कृत शिक्षकों को सदस्य बनाने व स्थानांतरण में प्राथमिकता देने की मांग को पुरजोर तरीके से शिक्षा मंत्री के सामने रखा । शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने दोनों मांगों पर सहमति जताते हुए शीघ्र ही आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष निर्मल ग्रोवर सहीत विभिन्न जिलों से 150 कार्यकर्ता मौजूद थे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, रास को मिला 'राज्य स्तरीय सम्मान-2023'

(महिलाओं के विकास हेतु उत्कृष्ट कार्यों के लिये दिया 'इंदिरा महिला शक्ति सम्मान)

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट (श्री सीमेन्ट लिमिटेड, रास) को महिला एवं बालिका के विकास में सरकार के साथ भागीदार बनकर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को जयपुर के अरण्य भवन सभागार झालाना में आयोजित समारोह में मंत्री- (उद्योग एवं वाणिज्यिक, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान विभाग- राजस्थान सरकार)- श्रीमती शकुंतला रावत एवं राज्य मंत्री (महिला एवं बालविकास विभाग राजस्थान सरकार) - श्रीमती ममता भूपेश बैरवा के द्वारा "राज्य स्तरीय इंदिरा महिला शक्ति" - सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया समारोह में मंत्री महोदया के कर कमलों द्वारा श्री सीमेन्ट लिमिटेड, रास के सहायक उपाध्यक्ष विनय दुबे को राज्य सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर इंदिरा महिला शक्ति" सम्मान से सृजित किया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक- उमेश मिश्रा, अध्यक्ष- (राजस्थान राज्य खेल परिषद्)- डॉ कृष्णा पूनिया, प्रमुख शासन सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती श्रेया गुहा एवं समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना शर्मा के साथ अन्य भामाशाह व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।





श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, रास द्वारा महिला क्षेत्र में किये गये कार्य आगनवाडियों में सहयोग, महिलाओं / बालिकाओं का सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण हेतु (स्वयं सहायता समूह, महिला प्रशिक्षण) महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु (बालिका जन्म पर एफ.डी. विवाह सहयोग, किशोरी प्रशिक्षण). स्वास्थ्य सेवाऐं हेतु (ममता केन्द्र एम्बुलेंस सुविधा, मोबाईल वेन व्यक्तिगत स्वच्छता) शिक्षा के क्षेत्र में-(श्री की पाठशाला, राजकीय विद्यालयों में सहयोग, कम्प्यूटर साक्षरता कार्यक्रम) पूरक पोषाहार, पीने हेतु पानी के टैंकर की व्यवस्था आदि को मध्य नजर रखते हुए यह सम्मान दिया गया इस अवसर पर कम्पनी के संयुक्त अध्यक्ष (वाणिज्यिक) अरविंद खीचा एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी बेहराम शेरडीवाला ने राज्यस्तरीय इंदिरा महिला शक्ति सम्मान प्राप्त करने पर खुशी जाहिर करते हुऐ बताया कि कम्पनी श्री फाउण्डेश ट्रस्ट के माध्यम से अपने प्लांट के आस-पास के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न आयामो पर काम करती है। जिनमें महिलाओं के उत्थान के लिये विशेष तौर पर परियोजनायें बनाकर उन्हें प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये विद्यालयों में भौतिक एवं शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु कार्य किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा हमारे प्रयासों को इस पुरस्कार द्वारा सराहा गया है जिससे हमें महिलाओं के लिये और कार्य करने का सम्बल मिला है कंपनी के रास इकाई प्रमुख सतीश माहेश्वरी ने बताया कि महिला विकास हेतु सरकार के साथ कदम से कदम मिलाते हुए नये आयाम स्थापित किये है। कम्पनी अपने सामाजिक सरोकारों के तहत ग्रामिणों आमजन विशेषकर महिलाओं बच्चों के लिये कार्य कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम उनके जीवन स्तर सुधार के रूप में प्रतिलक्षित हो रहे हैं।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सेवानिवृत्ति पर 8 पंखे भेंट



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के नगर परिषद रोड स्थित राजकीय पटेल उच्च मध्यमिक विद्यालय में कार्यरत कल्पना कुमावत वरिष्ठ अध्यापिका 31 मई 2023 को सेवानिवृत्त होंगे । उन्होंने बुधवार जाने से पूर्व ही अपने सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में स्थानीय विद्यालय को 8 हैवेल्स कंपनी के पंखे भेंट किए प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान ने इनका विद्यालय को पंखे भेंट करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पारी प्रभारी राजेंद्र प्रजापति परमेश्वर सिंह प्रीति परिहार कंचन परिहार मधु लता शर्मा जानकी टाक देवानंद आदि उपस्थित रहे एवं समस्त स्टाफ ने भी इनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आमेर की पहाड़ी पर महिला की लाश मिलने से फैली सनसनी

### शव की पहचान छुपाने के लिए केमिकल से जलाया चेहरा

गरीबों का सितारा

**आमेर/रोहन शर्मा।** राजधानी जयपुर स्थित आमेर थाना क्षेत्र के हाड़ीपुरा स्थित पहाड़ी पर महिला की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पहली नजर में पुलिस ने महिला की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई है। पहाड़ी पर टहलने गए स्थानीय निवासी कमल ने बदबू आने पर देखा कि महिला की लाश झाड़ियों के बीच पड़ी थी। महिला का चेहरा झुलसा हुआ लग रहा था। ऐसा लग रहा था कि चेहरे पर केमिकल डालकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई है। पुलिस ने महिला की लाश देखी और अनुमान लगाया कि यह दो-तीन दिन पुरानी हो सकती है। आमेर के एसीपी चंद्रसिंह रावत ने बताया कि महिला की उम्र 40 वर्ष के आसपास है। महिला को देखकर लग रहा है कि वह घर का काम करती है और राजस्थान के बाहर से आकर यहां रह रही थी। महिला की हत्या कर पहाड़ी की झाड़ियों में फेंका गया है। एफएसएल टीम ने जांच शुरू कर दी है। आमेर थाना अधिकारी के नेतृत्व में दो टीम बनाकर आसपास के इलाके में पूछताछ की जा रही है। थानों में भी दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## सीकर में शीतलाष्टमी की रही धूम गींदड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ





**साधना सेठी, सीकर।** आज शीतलाष्टमी का पर्व मनाया गया । सुबह से ही श्रद्धालु शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाते रहे । शीतला चौक स्थित शीतला माता के दर्शन करने भक्तों की भीड़ रही। इससे पहले शहर समेत जिलेभर में मंगलवार रात से कई गींदड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आसपास के क्षेत्र में सोमवार को शीतलाष्टमी का पूजन उत्साह के साथ किया गया। रविवार की रात्रि को महिलाओं ने स्नान कर रसोई को साफ सुथरा करके शीतला माता की प्रार्थना कर उनके प्रसाद के लिए मीठे चावल, कढ़ी पूड़ी, पकौड़ी, पुआ जैसे व्यंजन तैयार कर रखे। सोमवार को महादेव ने प्रातः काल स्नान करके रसोई को ठंडा किया और एक थाली में सभी व्यंजनों को सजाकर साथ में दही व शुद्ध जल लेकर शीतला माता के दरबार में पहुंची। जहां पर शीतला माता को स्नान कराकर विधिवत पूजा अर्चना की और बास्योड़ा का प्रसाद लगाया। वही कहानी सुनकर भजन गीत गाते हुए अपने घर को आए। जहां पर बच्चों और बूढ़ों को एक दूसरे के घर पर बुला बुलाकर भोजन कराया उनको दक्षिणा देकर विदा किया। इसके पश्चात अपने परिवार के लोगों को बासोड्या का प्रसाद प्रदान किया।

## होडल चमेली धाम से खाटू श्याम के लिए हुए पवन सैनी रवाना

### रामगढ़ पहुंचने पर श्याम सखा मंडल के लोगों ने किया भव्य स्वागत



गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ़ होडल चमेली धाम हरियाणा से 12 मार्च को पवन सैनी अपने साथी पवन कुमार के साथ पैदल खाटू श्याम राजस्थान के लिए रवाना हुए जो वार मंगलवार को श्याम करीब 5:00 बजे रामगढ़ कस्बा पहुंचे जहां पर श्याम सखा मंडल के अध्यक्ष सत्यम गोयल के नेतृत्व में श्याम प्रेमियों का भव्य स्वागत किया गया श्याम बाबा के जयकारों के साथ उन्हें रामगढ़ बस स्टैंड पर स्थित यादव समाज के मंदिर पर रात्रि विश्राम के लिए रोका गया गुरुवार की रात 6:00 बजे मंदिर आरती के पश्चात श्याम सखा मंडल के तत्वाधान में दोनों श्याम प्रेमियों को माला पहना का श्याम सका मंडल के लोगों ने खाटू श्याम के लिए रवाना किया। इस मौके पर श्याम सखा मंडल के सत्यम गोयल गौरव सोनी संदीप सेन रामगढ़ पत्रकार अमित भारद्वाज दिनेश चौहानअमित गर्ग राजू खंडेलवाल पंडित शिव शंकर शर्मा टीटू सिंगल फतेह शर्मा गणेश पाराशर अनेक श्याम भक्तों के द्वारा दोनों श्याम प्रेमियों को माला पहनाकर रामगढ़ कस्बे के रेलवे फाटक तक श्याम बाबा के जयकारों के साथ खाटू श्याम के लिए रवाना किया गया।

विधायक रामलाल शर्मा ने चौमूं नगरपालिका के भ्रष्टाचार की खोली पोल कहा

# चौमूं नगरपालिका पूरी तरह भ्रष्टाचार के आखण्ड में डूबी हुई है : रामलाल शर्मा

### वन विभाग द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में एनीकट निर्माण कर गिरते भूजल को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का दिया सुझाव

गरीबों का सितारा

**चौमूं, सुनील कुमार पाराशर।** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने अनुदान की माँग संख्या 40 स्वायत शासन व माँग संख्या 45 वन एवं पर्यावरण पर विचार पर कांग्रेस सरकार को घेरा। विधायक रामलाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कौन कहता है कि पिछले चार वर्षों में कांग्रेस सरकार ने काम नहीं किया। सरकार ने मेरी विधानसभा क्षेत्र की चौमूँ नगर पालिका के अंदर पिछले दो वर्षों के अंदर 21 ई ओ बदलने का काम किया। उन्होने बारी-बारी से सभी अधिशासी अधिकारियों के नाम गिनाकर सरकार को अवगत कराया। उन्होंने वर्तमान में नियम विरुद्ध लगे हुए अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीणा जिनका मूल पद कर निर्धारक का है उसे तत्काल प्रभाव से हटाये जाने की माँग की। उन्होने नगर पालिका चौमू द्वारा छएऊक्रय करने में बरती गई अनियमिताओं और तीन करोड़ रुपये की अनावश्यक रूप से डाली गई पाइपलाइन का मामला विधानसभा में उठाया। उन्होंने बिजली विभाग के द्वारा चौमूं नगरपालिका की 48



रोडलाइट के कनेक्शन काटे जाने का मामला उठाते हुए कहा कि नगर पालिका चौमूं के बिजली विभाग में आज 14 करोड़ रुपया बकाया चल रहे हैं। और बिजली विभाग द्वारा आगे चेताया गया है कि यदि बिल का भुगतान नहीं किया गया तो पेयजल के नलकूपो के कनेक्शन भी काटे जाएंगे और यदि नलकूपों के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे तो चौमू की जनता सड़कों के ऊपर आ जाएगी। इसलिए इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ध्यान दिया जाए। उन्होने सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा कि सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है, फिर चाहे कांग्रेस का कार्यकर्ता हो या आमजन, सबके साथ समानता से पैसे उगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा नगर पालिका चौमूँ में शांति देवी धर्मपत्नी देवी सहाय योगी के द्वारा पट्टे के लिए आवेदन किया गया। जिसकी नगरपालिका द्वारा दिनांक 23.6.22 को दो रसीद काटी गई। एक रसीद 501 रुपयो की और दूसरी रसीद 10500 रुपया की काटी गई और 501 रुपया की रसीद को रिकॉर्ड में लिया गया और दूसरी रसीद को रिकॉर्ड में नहीं लिया गया। इस तरीके से नगरपालिका चौमूं द्वारा राजस्व कोष में सीधे सीधे हानि पहुँचाई जा रही है। उन्होंने नगरपालिका चौमूँ द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की पोल खोली। उन्होने शहर के मुख्य मार्गों पर बारिश के दिनों में बहने वाले पानी को लेकर कहा कि बरसात के पानी को निकलने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पडता है। नगर पालिका चौमूँ क्षेत्र में फोर्थ फेज में सीवरेज की घोषणा की गई थी लेकिन कोई क्रियान्विति नहीं की गई और जनता इसका इंतजार कर रही है। उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण में आने वाली पंचायतों और नगरपालिका क्षेत्र की जमीनो को जेडीये द्वारा अपने कब्जे में लेने के कारण स्थानीय पंचायते विकास कार्यों के लिए जमीन के अभाव में तरस रही है। इसलीय सरकार उन पंचायतों को राहत प्रदान करने का काम करे और पूर्ववर्ती सरकार ने पचास पचास लाख रुपये विकास के लिए दिये थे तो आप भी इन पंचायतों को विकास के फंड जारी करे। चौमूँ में आवासन मंडल की लंबित पड़ी जमीन का तत्काल निस्तारण किया जावे। उन्होंने सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में छोटे छोटे एनींकट का निर्माण किया जाये ताकि बारिश के पानी को इकट्ठा करके गिरते भूजल को रिचार्ज किया जा सके। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वीर हनुमान जी की पहाड़ी पर सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत 36 करोड़ रुपये की योजना की चर्चा करते हुए कहा कि ये सड़क वन विभाग के डायवर्जन की वजह से अटकी हुई है अगर वन विभाग ने एनओसी प्रदान करें तो सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके। साथ ही उन्होंने रोप-वे का पुनः संचालन करने की माँग की।

## परिषद सदस्यों ने किया श्रमदान



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ की और से कस्बे के इंद्रा कालोनी स्थित मोक्ष धाम में पेड़-पौधों में पानी डाला, पगडंडी की साफ-सफाई की गई। सचिव कृष्ण कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद के समस्त सदस्यों के सहयोग से बुधवार को इंद्रा कॉलोनी स्थित श्मशान में साफ सफाई व पेड़-पौधों में पानी डाला गया। इस दौरान अध्यक्ष कृष्ण यादव, कमलेश सोनी, संरक्षक वीरेन्द्र प्रजापत, कोषाध्यक्ष राकेश मुच्छल, महावीर योगी, सुनील पार्षद, टिंकु यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## उड़ी गुलाले खुब जमा रंग बच्चों ने खेली होली बड़ों के संग



**भीलवाड़ा/ चीफ प्रहलाद तेली।** शाहपुरा में बुधवार को शीतला सप्तमी त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शीतला सप्तमी पर्व पर सूर्योदय के साथ ही समूह में मंगल गीत गाते हुए महिलांए शीतला माता मंदिर पहुंची। जहां शीतला माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया। युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल लगाने निकली, सामूहिक रूप से होली खेली, प्रधान हंसराज गुर्जर बबलू गुर्जर लोकेश गुर्जरदेवा गुर्जर लोकेश गुर्जर शिवराज गुर्जरनीरज गुर्जर कन्हैया लाल गुर्जर मनीष गुर्जर ओम प्रकाश गुर्जर विनोद गुर्जर धर्मराज गुर्जर सांवरा प्रजापत मनोज प्रजापत शिव प्रजापत मनीष प्रजापत कमलेश कुमावत गौरीशंकर धाकड़, गोविंद प्रजापत सभी ने एक दूसरे को ओलिया खिलाकर बधाई दी।

## भीलवाड़ा - शाहपुरा में होली का रंग मातम में बदला, गैस गीजर की गैस से दम घुटने से युवा दंपति की मौत, मासूम बालक गंभीर

**भीलवाड़ा/ ब्यूरो चीफ प्रहलाद तेली।** शाहपुरा कस्बे में होली के त्यौहार पर दोपहर बाद माहेश्वरी समाज के दंपत्ति की गैस गीजर के लीकेज की वजह से मृत्यु के पश्चात शोक की लहर छा गई जानकारी के अनुसार शाहपुरा के प्रतिष्ठित व्यवसाई रतनलाल झवर के पोत्र और उसकी पत्नी एवं प्रपोत्र



रंगों का त्योहार होली खेलने के पश्चात नहाने के लिए बाथरूम में घुसे और दम घुटने से पति पत्नी दोनों की मृत्यु हो गई और उसके बच्चे को भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विमलझवर ने लिखित रिपोर्ट में बताया कि दोपहर 3 बजे बाद उसके भतीजे शिवनारायण एवं उसकी पत्नी कविता एवं उनका पुत्र विदान रंग खेलने के पश्चात बाथरूम में नहाने गए काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अचेत हुए दंपत्ति एवं बच्चेको बाहर निकाला सैटेलाइट जिला चिकित्सालय ले जाने पर दंपत्ति को मृत घोषित कर दिया गया एवं बच्चे को रेफर कर दिया गया घटना की जानकारी होते ही कस्बे में एवं माहेश्वरी समाज में शोक की लहर छा गई।

# राजकार्य से खफा : रैणी में पानी की बड़ी टंकी पर चढ़ी महिला

### रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर और राजगढ वृत्ताधिकारी (सीओ) अंजली अजित जोरवाल के द्वारा जिला परिषद सदस्य मौसम देवी मीना की मौजूदगी में आश्वासन देने के बाद ही नीचे उतरी टंकी से महिला

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित बड़ी पानी की टंकी जिस पर रामनगर निवासी पपीता देवी पत्नी छोटेलाल मीना बुधवार को उपर चढ गई जिसको रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर व राजगढ वृताधिकारी अन्जली अजित जोरवाल ने जिला परिषद सदस्य मौसम देवी मीना की मौजूदगी मे समझाइश कर और उसकी समस्या समाधान का आश्वासन देकर बड़ी मुश्किल से नीचे उतारा गया। मिडिया को रैणी तहसीलदार ने बताया कि 15 मार्च 2023 को सूचना मिली रैणी बी पटवार मंडल भजेड़ा रोड पर स्थित पानी की टंकी पर एक महिला चढ गई है तो मय राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचा और टंकी पर चढी महिला व महिला के परिजनो से जानकारी मिली कि महिला पपीता देवी पत्नी छोटेलाल मीना निवासी रामनगर तहसील रैणी (अलवर) के नाम दर्ज खातेदारी खरीद सुदा जमीन पर परिजनो से आपसी झगड़ा मारपीट







का मामला 20 फरवरी 2023 को दर्ज मुकदमा पर कोई कार्रवाई नही होना बताया गया लेकिन फिर भी इनकी खातेदारी भूमि पर पड़ी सरसो की फसल को नही कूटने देने का मामला बताया और 12 मार्च 2023 को इस सम्बन्ध मे रैणी उपखण्ड अधिकारी ने रैणी एसएचओ को निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिन्हे लेकर रैणी थाने मे गये तो जांच अधिकारी द्वारा इनके साथ अभद्र व्यवहार करने की बात बताई तो इस पर रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर ने इनके खातेदार जमीन पर पड़ी सरसो फसल को थ्रेसर से कुटवाने की जिम्मेदारी ली और राजगढ वृत्ताधिकारी (सी.ओ.) अन्जली अजित जोरवाल ने जांच अधिकारी को बदलने की जिम्मेदारी लेते हुए निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया , इस दौरान जिला परिषद सदस्य मौसम देवी मीना (वार्ड नंबर-26) भी मौजूद रही और इन सभी ने समझाइश कर महिला को टंकी से नीचे उतारा और पुलिस प्रशासन व रैणी तहसीलदार की राजस्व टीम महिला के निवास स्थान पर जाकर खेत मे पडी सरसो की फसल को कुटवाने का भी प्रयास किया लेकिन बुधवार शाम तक भी कोई थ्रेसर नही मिलने पर रैणी तहसीलदार ने दो पटवारी और कानून गो तथा दो तीन पुलिस के जवानो को गुरुवार सुबह भेज कर सरसो कुटाने की बात बताई और भविष्य मे आगे ऐसा कृत्य करने के लिए सभी परिवार को पाबन्द भी किया है। मिडिया से भी पपीता देवी व उनके परिजनो ने मुकदमे मे निष्पक्ष कार्रवाई कराने की मांग की तथा उनके खेत मे पडी सरसो को कुटवाने की मांग की जो रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर ने मान ली। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर व पपीता देवी मीना रामनगर (जामडोली) से दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सतर्कता से ही हारेगा इन्फ्लूएंजा वायरस

अभी हम कोरोना के प्रभाव से धीरे-धीरे मुक्त हो रहे थे कि इन्फ्लूएंजा वायरस का कहर बढ़ने लगा है। देशभर में इस वायरस की वजह से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। वायरस का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र में है। यहां अब तक वायरस के 352 मामले सामने आ चुके हैं। पुडुचेरी में सभी स्कूल 16 से 26 मार्च तक बंद कर दिए गए हैं। इधर, दिल्ली में भी लगातार मिल रहे नए केस को देखते हुए बेड और डॉक्टरों की सुविधा बढ़ाई जा रही है। राजधानी के अस्पताल में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा 15 डॉक्टरों की टीम को भी विशेष तौर पर नियुक्त किया गया है। असम में भी बुधवार को वायरस का एक मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि लैब में टेस्ट किए गए इंफ्लूएंजा सैंपल्स में से लगभग 79 फीसदी में एच3एन2 वायरस पाया गया है। इसके बाद 14 फीसदी सैंपल्स में इंफ्लूएंजा बी विक्टोरिया वायरस पाया गया है और 7 फीसदी में इंफ्यूएंजा ए एच1एच1 वायरस पाया गया है। एच1एन1 को आम भाषा में स्वाइन फ्लू भी कहा जाता है। असल में इन्फ्लुएंजा एक संक्रामक वायरल श्वसन रोग है जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है। इन्फ्लुएंजा (फ्लू), जिसे मौसमी फ्लू के रूप में भी जाना जाता है, इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाली श्वसन प्रणाली का एक संचारी वायरल रोग है। फ्लू एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है, और जब वे बात करते हैं, खांसते हैं और छींकते हैं तो वायरस संक्रमित व्यक्ति से सांस की बूंदों को अंदर लेने से फैलता है। फ्लू का मौसम, जो आमतौर पर अप्रैल से सितंबर तक रहता है, गंभीरता और लंबाई में भिन्न होता है। इस बीमारी के लिए अतिसंवेदनशील आबादी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग शामिल हैं। सिरदर्द, उल्टी और दस्त, खांसी, मांसपेशियों या शरीर में दर्द, बुखार या बुखार/ठंड महसूस करना, थकान, नाक और गले में खराश इसके लक्षण हैं। ऐसा नहीं है कि यह लाइलाज है। इसके लिए वैक्सीन के कई विकल्प हैं, जिनमें नेजल स्प्रे और पारंपरिक जैब्स शामिल हैं। अगर हम जागरूक रहें तो इसे असानी से रोक सकते हैं। जैसे कोरोना में हर देशवासी ने जागरूक होकर वायरस को हराया था, एक बार फिर हम सबको एकजुट होकर इस वायरस से निपटना है। इसके लिए स्वस्थ आदतों का पालन करें, जैसे साबुन और पानी से हाथ धोना। फर्नीचर और खिलौनों जैसी सतहों और वस्तुओं को साफ करने के लिए कीटाणुनाशक का उपयोग करें। खांसते और छींकते समय अपना मुंह ढ़कने से संक्रमण के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें जिन्हें खांसी है, उनसे उचित दूरी बनाएं। फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है जो नाक, गले और फेफड़ों को संक्रमित करता है। जब बीमार लोग खांसी, छींक या बात करें, श्वसन कण हवा में छोड़े जाते हैं और आसपास के व्यक्तियों को संक्रमित कर सकते हैं। इसलिए दूरी बनाकर रखें। अगर आप इसकी चपेट में आ गए हैं तो खुद को अलग थलग कर लें। भीड़ भाड़ में न जाएं। परिवार वालों को भी बताएं कि दूषित हाथों से होंठ, आंख या नाक को छूने से भी व्यक्ति फ्लू की चपेट में आ सकता है। बिना धुले हाथों से मुंह, नाक या आंखों को छूने से परहेज करें। हर रात आठ घंटे सोएं। नियमित व्यायाम प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद करता है। अगर हम ये सावधानियां रखते है तो कोरोना की तरह इन्फ्लूएंजा को भी मात दे सकते हैं। एक बात और वायरस को लेकर किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।

## सारा संसार



प्रसार झील हिमाचल प्रदेश की सबसे प्रसिद्ध झीलें में से एक है जो मंडी से लगभग 50 किमी दूर उत्तर में धौलाधार पर्वतमाला के बीच 2730 मीटर पर स्थित है। यह खूबसूरत झील एक क्रिस्टल क्लियर वाटर बॉडी है, जिसमें तीन मंजिला शिवालय भी स्थित है, जो ऋषि प्रहार को समर्पित है।



पर्यावरण
अरविंद जयतिलक

# प्रदूषण का गहराता संकट

दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 20 शहरों में 19 एशिया के हैं। इनमें भी 14 भारतीय शहर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में भारत का सबसे प्रदूषित शहर राजस्थान का भिवाड़ी और महानगरों में दिल्ली रहा। प्रदूषित राजधानियों में नई दिल्ली दूसरे स्थान पर है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत के तकरीबन 60 फीसद शहरों में प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से सात गुना अधिक है। यह रेखांकित करता है कि प्रदूषण को लेकर भारत पूरी तरह गंभीर नहीं है। अगर समय रहते प्रदूषण से निपटने के ठोस उपाय नहीं किए गए तो भारतीय लोगों का जीवन संकट में पड़ना तय है।

स्विस संस्था आईक्यू एयर की 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी' का यह खुलासा चिंतित करने वाला है कि वर्ष 2022 में दुनिया का 8वां सबसे प्रदूषित देश भारत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 20 शहरों में 19 एशिया के हैं। इनमें भी 14 भारतीय शहर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में भारत का सबसे प्रदूषित शहर राजस्थान का भिवाड़ी और महानगरों में दिल्ली रहा। प्रदूषित राजधानियों में नई दिल्ली दूसरे स्थान पर है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत के तकरीबन 60 फीसद शहरों में प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से सात गुना अधिक है। यह रेखांकित करता है कि प्रदूषण को लेकर भारत पूरी तरह गंभीर नहीं है। अगर समय रहते प्रदूषण से निपटने के ठोस उपाय नहीं किए गए तो भारतीय लोगों का जीवन संकट में पड़ना तय है। ऐसा इसलिए कि गत वर्ष ही एनर्जी पॉलिसी इंस्टिट्यूट एट द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (एपिक) द्वारा खुलासा किया गया कि प्रदूषण के कारण भारत में लोगों की जिंदगी पांच वर्ष कम हो रही है। एपिक रिपोर्ट में यह भी कहा जा चुका है कि गंगा के मैदानी इलाकों में सबसे अधिक प्रदूषण है और यहां 7.6 साल जिंदगी कम हो रही है। 48 करोड़ से ज्यादा लोग मध्य, पूर्वी और उत्तर भारत में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर का सामना कर रहे हैं। अगर भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरुप प्रदूषण कम किया जाए तो यहां के निवासियों की औसत जीवन प्रत्याशा 5.4 वर्ष बढ़ सकती है। यह पहली बार नहीं है जब किसी संस्था द्वारा प्रदूषण से जिंदगी पर पड़ने वाले भयावह असर का जिक्र है। हावर्ड और येल के अर्थशास्त्रियों द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार है जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है। भारत की आधी आबादी यानी 66 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं जहां सूक्ष्म कण पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) प्रदूषण भारत के सुरक्षित मानकों से उपर है। भारत वायु प्रदूषण पर शीघ्र नियंत्रण नहीं लगाया तो 2025 तक अकेले राजधानी दिल्ली में ही वायु प्रदूषण से हर वर्ष 26,600 लोगों की मौत होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि प्रदूषित हवा के चपेट में भारत में वर्ष 2016 में लगभग एक लाख मासूम बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलीना के विद्वान जैसन वेस्ट के अध्ययन के मुताबिक वायु प्रदूषण से सबसे अधिक मौत दक्षिण और पूर्व एशिया में होती है और उसमें भी भारत शीर्ष पर है। आंकड़ें बताते हैं कि हर साल मानव निर्मित वायु प्रदूषण से 4 लाख 70 हजार और औद्योगिक इकाईयों से उत्पन प्रदूषण से 21 लाख लोग दम तोड़ते हैं। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'नेचर' द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि शीध्र ही वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वर्ष 2050 तक प्रत्येक वर्ष 66 लाख लोगों की जानें जा सकती है। यह रिपोर्ट जर्मनी के मैक्स प्लेंक इंस्टीट्यूट ऑफ केमेस्ट्री के प्रोफेसर जोहान लेलिवेल्ड और उनके शोध दल ने तैयार किया था जिसमें प्रदूषण फैलने के दो प्रमुख कारण गिनाए गए। पहला कारण पीएम 2.5एस



विषाक्त कण और दूसरा वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन आक्साइड। रिपोर्ट में आगाह किया गया कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण की समस्या विशेष तौर पर गहरा सकती है। क्योंकि इन दोनों देशों में खाना पकाने के लिए कच्चे ईंधन का इस्तेमाल होता है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर इससे निपटने की तत्काल वैश्विक रणनीति तैयार नहीं की गयी तो भारत की बड़ी जनसंख्या वायु प्रदूषण की चपेट में आ सकती है। गत वर्ष पहले भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा खुलासा किया गया कि जागरुकता का अभाव और कठोर मानकों की कमी के कारण भारत में हर आठवें व्यक्ति की मौत का कारण वायु प्रदूषण है। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ 2020 के अनुसार उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में प्रदूषण के कारण 50 फीसद से अधिक मौतें होती हैं। अध्ययन के मुताबिक उत्तर प्रदेश में वायु प्रदूषण के कारण तीन लाख से अधिक मौतें हुई। वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में कम से कम 1.7 मिलियन लोगों की मौत हुई। देखा जाए तो अधिकतर मौतें प्रदूषण के कारण फेफड़ों में कैंसर, हार्ट अटैक और क्रोनिक रोगों से हो रही है। आंकड़े के मुताबिक प्रति लाख आबादी की मृत्यु में वायु प्रदूषण की हिस्सेदारी 89.9 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों की मानें तो वायु प्रदूषण के कहर से सबसे ज्यादा प्रभावित दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार है। आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में वायुमण्डल में ऑक्सीजन की मात्रा घटी है और दूषित गैसों की मात्रा बढ़ी है। कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा में तकरीबन 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण बड़े कल-कारखानें और उद्योगधंधों में कोयले एवं खनिज तेल का उपयोग है। शहरों का बढ़ता दायरा, कारखानों से निकलने वाला धुंआ, वाहनों की बढ़ती तादाद एवं मेट्रो का विस्तार तमाम ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से प्रदूषण बढ़ रहा है। वाहनों के धुएं के साथ सीसा, कार्बन मोनोक्साइड तथा नाइट्रोजन ऑक्साइड के कण निकलते हैं। वैज्ञानिक रिचर्ड फूलर की मानें तो वायुमंडल में सीसा की मात्रा बढ़ने और संपर्क में आने से शुरुआती मौतों का कारण ह्रदय रोग रहता है। इसके संपर्क में आने से धमनियां सख्त हो जाती हैं। यह मस्तिष्क के विकास को भी नुकसान पहुंचाता है। इसी तरह वायुमंडल में सल्फर डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ने से फेफड़े के रोग, कैडमियम जैसे घातक पदार्थों से ह्रदय रोग, और कार्बन मोनोक्साइड से कैंसर और श्वास संबंधी रोग होते हैं।

प्रदूषित वायुमण्डल से जब भी वर्षा होती है प्रदूषक तत्व वर्षा जल के साथ मिलकर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मृदा को प्रदूषित कर देते हैं। अम्लीय वर्षा का जलीय तंत्र सृष्टि पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। नार्वे, स्वीडन, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका की महान झीलें अम्लीय वर्षा से प्रभावित हैं। ओजोन गैस की परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का कार्य करती है, में वायुमण्डल के दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंचा है। ध्रुवों पर इस परत में एक बड़ा छिद्र हो गया है जिससे सूर्य की खतरनाक पराबैगनीं किरणें भूपृष्ठ पर पहुंचकर ताप में वृद्धि कर रही है। इससे न केवल कैंसर जैसे असाध्य रोगों में वृद्धि हो रही है। नए शोधों से जानकारी मिली है कि गर्भवती महिलाएं जो वायु प्रदूषण क्षेत्र में रहती है, उनसे जन्म लेने वाले शिशु का वजन सामान्य शिशुओं की तुलना में कम होता है। यह खुलासा एनवायरमेंटल हेल्थ प्रॉस्पेक्टिव द्वारा 9 देशों में 30 लाख से ज्यादा जन्म लेने वाले शिशुओं के अध्ययन से हुआ है। समय आ गया है कि ठोस वायु प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण लगाने के साथ जनता को भी जागरुक करे।

(लेखक वाणिज्य कर विभाग, कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्वामी जी से जानिए क्या है अनासक्ति का सुख



संकलित
दर्शन

गीता में हमने यही पढ़ा और सीखा है कि हमें लगातार भरसक काम करते ही जाना चाहिए। काम चाहे कोई भी हो, अपना पूरा मन उस ओर लगा देना चाहिए, पर साथ ही यह भी ध्यान रहे कि हम उसमें आसक्त न हो जाएं। अर्थात अपने कर्म से किसी भी विषय द्वारा हमारा ध्यान न हटे, फिर भी हममें यह शक्ति हो कि हम इच्छानुसार उस कर्म को छोड़ सकें। यदि हम अपने जीवन का विश्लेषण करें तो हम देखेंगे कि दुख का क्या कारण है। हम कोई काम हाथ में लेते हैं और अपनी पूरी ताकत उसमें लगा देते हैं। कभी-कभी यह काम असफल साबित होता है, पर फिर भी हम उसका त्याग नहीं कर पाते। यह आसक्ति ही हमारे दुख का सबसे बड़ा कारण है। हम जानते हैं कि वह हमें चोट पहुंचा रही है और उसमें चिपके रहने से केवल दुख ही हाथ आएगा, परंतु फिर भी हम उससे अपना छुटकारा नहीं पा सकते। मधुमक्खी तो शहद चाटने आई थी, पर उसके पैर उस मधु-चषक से चिपक गए और वह छुटकारा नहीं पा सकी। बार-बार हम अपनी यही स्थिति पाते हैं। यही हमारे अस्तित्व का, हमारे ऐहिक जीवन का संपूर्ण रहस्य है। हम यहां आए थे मधु पीने, पर हम देखते हैं, हमारे हाथ-पांव उसमें फंस गए हैं। आए थे पकड़ने के लिए, पर स्वयं ही पकड़े गए। आए थे उपभोग के लिए, पर खुद ही उपभोग्य बन बैठे। आए थे कुछ काम कराने, पर देखते हैं कि हमसे ही काम लिया जा रहा है। हमारे जीवन की छोटी-छोटी बातों का भी यही हाल है।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है। इस समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में होना चाहिए अतः मेरे दूतों को तुरंत उसे वैकुन्ठ लाने के लिए भेजो।

ऑस्कर अवॉर्ड
डॉ. मोनिका शर्मा



# वैश्विक मंच पर परंपरागत जीवनशैली के रंग

भारत की ओर से ऑस्कर अवॉर्ड 2023 में 'नाटु नाटु' को बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग 'ऑल दैट ब्रीथ्स' बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री में नोमिनेटेड थे। 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री के साथ ही भारतीय फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटु नाटु' ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत इतिहास रचा है। साथ ही सिनेमाई कला से जुड़े इस वैश्विक मंच पर बिखरे भारतीय के कुछ रंग भी। इस बार पुरस्कार जीतने के बाद बातों से लेकर सज-धज तक, भारतीय संस्कृति देसी अंदाज वहाँ छा गया। भारतीय विरासत के वाकई रंग अनूठे हैं। विचारणीय है कि बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' और 'नाटु नाटु' को बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग श्रेणी मे मिले पुरस्कार दोनों ही कहीं आना हमारी विरासत से जुड़े हैं। 'नाटु नाटु' गीत का कदम थिरका देने वाला संगीत और वन्य जीवों के साथ अपनेपन के भाव का संदेश देते वृत्तचित्र दोनों में बहुत कुछ हमारी जड़ों से जुड़ा ही है। 'नाटु नाटु' को ऑस्कर पुरस्कार मूल गीत की श्रेणी में मिला है। 'ओरिजिनल सॉन्ग' कैटेगरी का अर्थ ही है कि पहले से मौजूद दुनिया की भाषा के किसी गाने की धुन या शाब्दिक अर्थ की नकल नहीं है। देश-विदेश में पुरस्कार-प्रशंसा पाने और हर आयु वर्ग के सिनेमा प्रेमियों के मन पर जादू चलाने वाले इस गीत की धुन और नृत्य कौशल दोनों ऊर्जा से भरे हैं। असल में तेलुगू भाषा के शब्द 'नाटु नाटु' का हिन्दी अर्थ नाचो-नाचो है। यह असल में लोक जीवन से जुड़ी धुन है। यूं ही 'द एलीफेंट व्हिस्पर्स' में अपने झुंड से बिछड़े हुए एक हाथी के बच्चे 'रघु' की एक महावत के साथ मानवीय संवेदनाओं की कहानी है। वन्य जीवों के साथ सह-अस्तित्व का भाव और भावनात्मक रिश्ता भी परंपरागत भारतीय जीवनशैली का हिस्सा रहा है। यह अनोखी कहानी अतुल्य भारत में वन्य जीवों के साथ हमारी आस्था और संस्कृति के जुड़ाव को लिए है। धरती की गोद को सबकी साझी पनाह मानने की सोच हमारे जीवन मूल्यों का अहम हिस्सा रही है।

इस ऐतिहासिक जीत के अवसर पर वहाँ पहुंची टीम के सदस्यों के पहनावे में भी भारतीय संस्कृति की झलक दिखी। अभिनेता रामचरण औ उनकी पत्नी उपासना परंपरागत परिधान में दिखे। बिंदी और साड़ी सज-धज में भारतीयता की सुंदर छवि नजर आई। वहीं 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' की प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने ना सिर्फ भारतीय होने के गर्व को बताते-जताते शब्दों को अपने स्पीच का हिस्सा बनाया, बल्कि वे भी इस समारोह में साड़ी पहनकर ही पहुँचीं। साड़ी में ट्रॉफी लेने मंच पर आईं गुनीत में आम सी भारतीय स्त्री की खास छवि दिखी। इतना ही नहीं फिल्म 'आरआरआर' के निर्देशक एस एस राजामौली भी अपनी पत्नी के साथ परंपरागत पहनावे वाले अवतार में ही दिखे। सोशल मीडिया से लेकर आम लोगों तक उनके इस अंदाज़ की खूब चर्चा हुई। देशवासियों ने इसे मन सराहा भी है।

## शीतला अष्टमी



फतेहपुर में बुधवार को शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में मत्था टेकने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

## आज की पाती

### स्वदेशी को भूलते जा रहे हैं हम

महात्मा गांधी ने देश को आजाद करवाने और लोगों को आजादी के प्रति जागरूक करने के लिए बहुत से आंदोलन चलाए थे। इन्हीं में से एक थी दांडी यात्रा। सबसे पहले तो यह जानना जरूरी है कि महात्मा गांधी ने यह मार्च आखिर क्यों किया था? हमारे देश में अंग्रेजों के नमक के एकाधिकार को समाप्त करने के लिए 12 मार्च 1930 को गांधी के नेतृत्व में यह मार्च हुआ था। लगभग 24 दिनों तक यह पदयात्रा अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से शुरू होकर नवसारी स्थित छोटे से गांव दांडी तक गई थी। दांडी गांव के लोग बेशक आज भी महात्मा गांधी के मार्ग पर चलते होंगे, लेकिन हमारे देश के बहुत से लोग अब उनके आदर्शों को भूल गए हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो अब फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश में स्वदेशी आंदोलन चलाने की जरूरत नहीं पड़ती।

*–रमेश देवांगन, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# नेतन्याहू से जर्मनी, ब्रिटेन की यात्रा रद करने का आग्रह

इज़राइल के सैकड़ों लेखकों, कलाकारों और बुद्धिजीवियों ने जर्मनी और ब्रिटेन से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उनके देश की आगामी यात्राओं को रद्द करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इज़राइल की न्यायिक प्रणाली में बदलाव की नेतन्याहू की योजना ने देश को विनाशकारी रास्ते पर ला खड़ा किया है। दरअसल, इज़राइल में नेतन्याहू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियों में कटौती करते हुए सरकार को न्यायधीशों की नियुक्ति का अधिकार देने का प्रावधान है। सरकार का तर्क है कि काफी समय से लंबित इस प्रावधान का मकसद अनिर्वाचित न्यायाधीशों के व्यापक प्रभाव में कमी लाना है। हालांकि, नेतन्याहू के आलोचकों का कहना है कि यह प्रावधान सत्ता पर नेतन्याहू और उनकी सरकार का एकाधिकार कायम करने में मददगार साबित होगा। आलोचकों का यह भी आरोप है कि भ्रष्टाचार का सामना कर रहे नेतन्याहू ने कानून के शिकंजे से बचने के लिए यह प्रस्ताव पेश किया है।



## ऑफ बीट

# कोविड का किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा

कोविड-19 वैश्विक महामारी का किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा। हालांकि इस दौरान धुम्रपान और मदिरापान की आदत कम हुई, लेकिन अब यह फिर बढ़ती जा रही है। 'द लांसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया। अध्ययन में वैश्विक महामारी से पहले और उसके दौरान दो साल तक उत्तरी अमेरिकी और आइसलैंड के 13 से 18 वर्षीय 64,000 से अधिक किशोरों के नमूनों पर गौर किया गया। अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और उनके सहकर्मियों ने पाया कि 2021 के अध्ययन में कोविड-19 वैश्विक महामारी के वैश्विक प्रसार के एक वर्ष के भीतर 13 से 18 वर्षीय किशोरों में अवसाद के लक्षण बढ़े और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर इसका असर दिखा। हालांकि इस दौरान धूम्रपान और मदिरापान की आदत कम हुई। इस अध्ययन के निष्कर्षों पर और गौर करते हुए नए अध्ययन में पता चला कि वैश्विक महामारी के दो साल तक के प्रकोप के दौरान किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव रहा।



## ट्रेंड

### तबाही से व्यथित

मलावी, मोजाम्बिक और मेडागास्कर में चक्रवाती तूफान फ्रेडी से हुई तबाही से व्यथित हूं। राष्ट्र के प्रति संवेदना, शोक संतप्त परिवार और चक्रवात से प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस कठिन समय में भारत आपके साथ खड़ा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### समझौता क्यों

भारत का मिसाइल और रडार अपग्रेड अनुबंध अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी और इलारा नामक एक संदिग्ध विदेशी संस्था को दिया गया है। इलारा को कौन नियंत्रित करता है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता क्यों किया जा रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



### सबक नहीं सीखा

मेरे घर पर कल दोपहर से भारी हथियारों से हमला हो रहा है। रेंजर्स द्वारा नवीनतम हमला, सेना के खिलाफ सबसे बड़ी पार्टी को खत्म करना। पीडीएम और पाकिस्तान के दुश्मन यही चाहते हैं। पूर्वी पाकिस्तान त्रासदी से कोई सबक नहीं सीखा।

-इमरान खान, पूर्व पीएम पाक



### ब्राउन राइस बेहतर

सफेद चावल खाने से ग्लूकोज बढ़ता है और यह खून में बहुत जल्दी शुगर रिलीज करने लगता है। ब्राउन राइस में बहुत सारे विटामिन, खनिज और फाइबर होते हैं। इसमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स है जो मधुमेह की घटनाओं को कम कर सकते हैं। यह खाने में भी बेहतर है।

-डा.वी मोहन, पद्मश्री






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ब्यावर को जिला बनाने के लिये एक बार फिर कांग्रेस युवा नेता मनोज चौहान मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** कांग्रेस नेता शैलेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि ब्यावर को जिला बनाने के लिये पिछले दो वर्षो से कांग्रेस नेता मनोज चौहान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी वर्गो का समर्थन एवं हस्ताक्षर करवाकर पूर्व में मुख्यमंत्री को सौंप चुके है। चौहान ने शहरवासी एवं ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुये कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री को अपना भगवान मानता हू ब्यावर को जिला बनाने की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर जयपुर तक पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री का परम भक्त होने का परिचय भी दिया है और आज भी अपने भगवान से उम्मीद लगाये बैठे है इसी कारण हजारो कार्यकर्ता को साथ लेकर जयपुर आये और मन मै विश्वास लेकर आये की ब्यावर को जिला तो मेरे भगवान अशोक गहलोत साहब ही बनायेगे चौहान ने



मुख्यमंत्री के बुलावे पर हजारो कार्यकर्ताओ को जयपुर ले जाकर मुख्यमंत्री के समक्ष यह बता दिया की मेरे द्वारा ब्यावर को जिला बनाने की मांग हर वर्ग के लोग और अवाम की आवाज है श्री चौहान ने मुख्यमंत्री से ब्यावर में नया थाना राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय की नई बिल्डिंग स्वीकृत करने का आग्रह किया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्यावर से मेरा विशेष लगाव है और मैं शहर की जनता की भावनाओं को भी अच्छी तरह से समझता हूं और आपकी भावनाएं पूर्ण होने पर मैं आप सभी को पुनः मुख्यमंत्री निवास जयपुर बुलाऊंगा उसके पश्चात मैं ब्यावर आऊंगा मुख्यमंत्री ने 17 तारीख को पूरक बजट टीवी पर देखने के लिये भी सभी को कहा साथ ही बजट की योजनाओं को हर वर्ग के लोगों को लाभ मिले ऐसा कार्य करना चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ब्यावर विधानसभा में सरकार की फ्लेक्सी योजनाओं को घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी आप सभी के चहेते मनोज चौहान को देता हूं और उम्मीद करता हूं कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिलेगा पूर्व विधायक माणक डाणी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका,ब्यावर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र पाल पंवार,ब्यावर विधानसभा सेवादल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह काठात, पुष्पांजलि पारीक भगवानाराम विश्नोई, रणजीत सांखला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजू बाबेल पार्षद राजेश शर्मा राजेन्द्र तुनगारिया,अजय शर्मा,माजिद कुरेशी भुवनेश शर्मा मोहम्मद हनीफ,गिरधारी लाल पोपावत पंचायत समिती सदस्य प्रताप काठात सरपंच भवर सिंह नाईकला,दीपू काठात सुरेन्द्र सिंह काना खेडा चंपालाल मेडिया,पदम सिंह सुहावा,साबुदीन काठात,फतहगढ सलला, पूर्व सरपंच भरत सिंह महेन्द्र कालीकाकर,धर्म सिंह भाटी, ताजू काठात,राम यादव, नरेन्द्र पारीक, कन्हैयालाल सोलंकी,सर्वेश्वर वैष्णव धन्नासिंह भाटी मोहम्मद हारून संदीप नाईकला अजीत काठात मनोज शर्मा संजय पांडे हनुमान चौधरी।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### काठमांडू मे 8 देशों के होने वाले अंतरराष्ट्रीय फैशन शो मे राजस्थान के डॉ. हरीश लेंगे भाग

**जयपुर/ डॉ. चेतन ठठेरा।** पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में आगामी मई माह में भारत सहित 8 देशों के होने वाले अंतरराष्ट्रीय खादी फैशन शो में राजस्थान के डॉ हरीश पायला भी भाग लेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश पायला काठमांडू, नेपाल में मई माह में होने वाले अंतरराष्ट्रीय "खादी फैशन शौ"में भाग लेंगे। हरीश पायला की बचपन से ही सामाजिक कार्यकर्ता के समाज में बदलाव लाने की रूचि रही है वे हर समय आमजन को सामाजिक स्तर पर भी जागरूक करने कार्य करते रहते हैं। पूर्व में भी हरीश पायला को बांग्लादेश, नेपाल में सम्मानित किया गया था,2020में नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा गांधी शांति पुरस्कार से नवाजा गया था।कोविड में भी पायला ने आमजन के लिए बढ़-चढ़कर भाग लिया था। सामाजिक गतिविधियों को देखते हुए । गांधी पीस फाउंडेशन, नेपाल के अध्यक्ष डॉ.लाल बहादुर राना ने हरीश पायलाको अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बुलाने के लिए ईमेल से आमंत्रित पत्र भेजा है। चार दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में खादी फैशन शो के साथ नेपाली सांस्कृतिक कार्यक्रम, गांधी नोबेल शांति पुरस्कार 2023 का भी कार्यक्रम होगा। गांधी शांति प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 8-10देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिसमें भारत, बांग्लादेश, मलेशिया,फिजी,सिंगापुर,कनाडा,वरअ, भूटान, आदि देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।



### घर के बाहर खड़ी कार में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग



**गुरला/ बद्री लाल माली गुरला।** क्षेत्र के गाडरमाला में शंकर सिंह राठौड़ के घर बाहर खड़ी कार में मंगलवार की रात आग लग गयी घटना मंगलवार रात 2 बजे की है। घर के बाहर में जलती हुई कार को लोगों ने देखा तो अपरा तपरी मच गयी। आसपास के लोगों की मदद से आधे घंटे की मक्सद के बाद आग पर काबू पाया । आग की सुचना पर कारोई पुलिस मौके पर पहुचीं।

### प्राचीन काल से चली आ रही आयुर्वेद औषधियों से हर बीमारी का इलाज संभव : कैलाश राज

#### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित



गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील का पाराशर )।** एमजेएफ चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी के सानिध्य में बुधवार को ग्राम गोविंदगढ़ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ । शिविर में दिखाने आ रहे ग्रामीणों ने शिविर के आयोजन को लेकर एमजेएफ चेयरपर्सन कैलाश राज की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से कैलाश राज विगत 8 वर्षों से शहर और ग्राम पंचायतो के गांव और ढाणियों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर लोगों की सेवा करते हुए धर्मार्थ का कार्य कर रहे हैं । शिविर में सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा का लाभ लिया ' शिविर प्रभारी डॉ. सचिन मित्तल ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा रोग, पेट संबंधित रोग, मिर्गी रोग, मौसमी बीमारियो, पाईल्स तथा आंख, कान, गला, मुख संबंधित विभिन्न बीमारियो का पंचकर्म विधि से इलाज किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ इंदु शर्मा, डॉ. विकास कुमार गुजराल, इंटर्न डॉ राहुल व जितेंद्र वर्मा ने मरीजो को परामर्श देकर निःशुल्क दवा वितरण की गई। शिविर में करीब 566 मरीज लाभांवित हुए।

### शीतला अष्टमी बासोड़ा का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

#### महिलाओं ने शीतला माता के ठंडे पकवानों का भोग लगाया





**रामगढ़ पचवारा ।** उपखंड के क्षीया रोड स्थित शीतला माता मंदिर ने महिलाओं ने शीतला अष्टमी बासोडा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर महिलाओं ने शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया। शीतला माता मंदिर में महिलाओं की भीड़ बनी रही । महिलाओं ने शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना कर राबड़ी ,मीठे चावल, बड़े, पकौड़ी ,हलवा, पूडी, आदि पकवानों का शीतला माता के भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना मांगी। और महिलाओं ने बताया कि इस दिन माता के मठ पर हल्दी के छींटे लगाने से बच्चों में चेचक और गंभीर त्वचा रोग नहीं होते हैं। और माता के चढ़ाने वाले पानी को घरों व पशुओं पर चना मत के रूप में छींटे दिए जाते है।

## बीरम की माता का बहुत प्राचीनकाल से चला आ रहा लक्खी मेला बुधवार को आयोजित हुआ

### मंगलवार रात्रि को भी हुआ था माताजी के मन्दिर मे जोरदार विशाल जागरण



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के बहड़को कला पंचायत मुख्यालय पर स्थित बीरम की माता के मन्दिर पर बुधवार 15 मार्च को प्राचीनतम समय से ही लगता आ रहा विशाल मेले का आयोजन हुआ जिसका आयोजन ग्राम पंचायत के द्वारा कराया गया जो हर वर्ष ही लगता है। स्थानीय सरपंच हरि प्रसाद मीना ने मिडिया को बताया है कि मंगलवार की रात्रि मे 8 बजे से ही माता के मन्दिर पर विशाल जागरण किया गया जिसमे मशहूर मशहूर कलाकारो ने अपनी अपनी प्रस्तुतिया दी तथा इस दौरान रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने भी अपनी मधुर आवाज मे भजन सत्संग सुनाकर लोगो को गदगद कर दिया और श्रदालुओ का मन मोह लिया। सरपंच मीना ने मिडिया को यह भी बताया है कि बुधवार को मेले मे विशाल जिकड़ी प्रोग्राम भी सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया जिसमे अपने राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारो ने भाग लेकर रामकथा सुनाई और अपनी मधुर वाणी से रामरस का वितरण किया। मेले की व्यववस्था के लिए सरपंच की अध्यक्षता मे कमेटी का गठन किया गया जिसके द्वारा निर्णय लिए गए थे कि माता के मेले मे कोई भी शराब पीकर और हथियार लेकर नही आवे तथा सभी दूकानदार अपनी दूकाने कमेटी के निदेर्शानुसार ही लगावे एवं अपनी दूकान की सुरक्षा स्वयं ही करे और इसी तरह से चूडी मार्केट मे पुरूष का प्रवेश वर्जित है तथा माता के श्रदालुओ से भी कमेटी का ये ही निवेदन है कि कोई भी भक्त कीमती सामान या कीमती गहना पहनकर मेले मे नही आवे। इस दौरान मेले मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर तथा अमर चन्द मीना फौजी आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष तथा धर्मराज सरपंच ईटोली व सरपंच नवल किशोर गुर्जर सरपच बीलेटा और टहटड़ा सरपंच प्रतिनिधी भगवान सहाय बोहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मेले मे शान्तिपूर्ण व्यवस्था के लिए प्रशासन का भी सहयोग लिया गया जिसमे पुलिस प्रशासन भी मेले मे मौजूद रहा। मेला मे पूरी तरह से शान्तिपूर्ण व्यवस्था रही। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच हरि प्रसाद मीना( रिटायर्ड दिल्ली पुलिस थानेदार ) के द्वारा दी गई है।



मेले मे विशाल जिकड़ी दंगल भी हुआ जिसमे प्रस्तुति दी देश के विख्यात जिकड़ी गायक कलाकारो ने

## सरकार और चिकित्सकों के बीच का गतिरोध फिर आया उफान पर

### सीकर के चिकित्सकों की हुई आवश्यक बैठक



#### बैठक में 16 मार्च को सभी निजी चिकित्सक एवं क्लीनिक बंद रखने का लिया गया निर्णय

**साधना सेठी, सीकर।** राइट टू हेल्थ बिल पर सरकार और चिकित्सकों के बीच का गतिरोध वापिस उफान पर है सरकार ने अब तक चिकित्सक संगठनों द्वारा सुझाए गए सुझावों को या तो नकार दिया है या सुधारों में लीपापोती करने की चेष्टा की है. चिकित्सकों का कहना है राइट टू हेल्थ बिल के नाम पर सरकार जनता को गुमराह कर रही है जब पहले से ही चिरंजीवी आरजीएचएस आदि सरकारी योजनाओं द्वारा राज्य की अधिकांश जनता का मुफ्त इलाज किया जा रहा है और प्राइवेट चिकित्सालय अपना पूरा योगदान दे रहे हैं ऐसे में बिना वजह इंस्पेक्टर राज लाने के लिए सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ बिल के नाम का शिकंजा चिकित्सकों की गर्दन पर कसना ना केवल गैर जरूरी है बल्कि राज्य की चिकित्सा व्यवस्था मैं एक बहुत बड़ा संकट खड़ा करने वाला है. चिकित्सक और मरीजों के बीच के खराब होते रिश्तो को इस तरह के कानून तार-तार कर देंगे. इसलिए सीकर के तमाम चिकित्सकों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें इस कानून के विरोध में आर या पार लड़ाई करने की घोषणा की गई इसके तहत कल 16 मार्च को सीकर के सभी चिकित्सक अपने प्राइवेट नर्सिंग होम और क्लीनिक बंद रखेंगे इस बार चिकित्सक किसी भी प्रकार से पीछे हटने के मूड में नहीं है। और यदि फिर भी सरकार नहीं मानती है तो अनिश्चित काल के लिए चिकित्सा कार्य बंद करने की योजना भी बन रही है क्योंकि यह कानून लागू होने के बाद जैसा कि चिकित्सकों का मानना है राज्य में किसी भी व्यक्ति या संस्था के द्वारा चिकित्सा व्यवसाय करना लगभग असंभव हो जाएगा इस के संदर्भ में आज एक बैठक जिला क्लब में आयोजित की गई जिसमें आईएमए के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी डॉ रविंद्र धाभाई तनसुख चौधरी डॉक्टर महेंद्र बुडानिया डॉक्टर सतवीर डॉ इंद्राज सिंह डॉ अजय जैन डॉ अरुणा अग्रवाल डॉक्टर अनिल चौधरी डॉ प्रदीप मील आदि चिकित्सकों ने भाग लिया और एकमत से सीकर के संपूर्ण चिकित्सकों की तरफ से हड़ताल को समर्थन दिया। सरकारी चिकत्सको ने भी इसके समर्थन में निर्णय लिया है को वो अपने निजी आवास पर मरीज नहीं देखेंगे।

## वीर सेनानी शहीद राजा हसन खां मेवाती का मनाया शहादत दिवस समारोह

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा अलवर।** शहीद राजा हसन खा मेवाती विकास मंच अलवर की ओर से बहरोड रोड स्थित वीर सेनानी शहीद राजा हसन खां मेवाती के पैनोरमा परिसर में उनका 496 वां शहादत दिवस समारोह आयोजित किया गया। शहादत दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव एवं शहर विधायक संजय शर्मा ने वीर सेनानी शहीद राजा हसन खां मेवाती की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनकी शहादत को याद किया। तत्पश्चात समारोह की अध्यक्षता कर रहे शहर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि वीर सेनानी शहीद राजा हसन खा मेवाती ने अनेकता में एकता की मिसाल कायम रखते हुए राणा सांगा के साथ मिलकर बाबर की सेना से लोहा लिया, देश पहले के सिद्धांत पर मर मिटने के लिए फैसला हमेशा तत्पर रखते हुए वीर हसन खा मेवाती ने हमेशा आक्रमणकारी मुगलों की सेना से लोहा लिया और मेवात क्षेत्र के साथ-साथ देश का शौर्य बढ़ाने का कार्य किया। शहर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि वीर सेनानी हसन खां मेवाती व राजा भर्तहरी जी सहित प्रदेश में अनेक महापुरुषों व सेनानियों के पैनोरमाओं का निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे जी द्वारा कराया गया था परंतु दुर्भाग्यवश वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा इन निर्मित पैनोरमाओ को सुरक्षित व सुसज्जित तरीके से भी नहीं रखा जा रहा है शहर विधायक संजय शर्मा ने विकास मंच व कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक प्रबुद्ध जनों की मांग पर पैनोरमा परिसर में पानी की समस्या के निस्तारण हेतु विधायक निधि कोष से एक थ्री फेज बोरिंग लगवाने की घोषणा की साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद सभापति घनश्याम गुर्जर से नगर परिषद द्वारा उक्त पैनोरमा परिसर में रंग रोगन व मरम्मत इत्यादि का कार्य कराने को भी कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामहेत सिंह यादव ने कहा कि मेवात आंचल सूफी संत व शहीदों की सरजमीन है वीर राजा हसन का मेवाती बाबर के साथ युद्ध लड़ते हुए 12 हजार मेवाती घुड़सवार सैनिकों के साथ खानवा के युद्ध में शहीद हो गए थे और हसन खा मेवाती विद्वान कलाकारों का सम्मान करते थे खुद की शायरी भी किया करते थे उनसे राष्ट्रीय भक्ति का एवं धार्मिक सौहार्द का अनेकता में एकता का संदेश सीखने व सिखाने को मिलता है। कार्यक्रम से पूर्व समारोह आयोजक सालिम हुसैन सहित पूरे विकास मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा कार्यक्रम के अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया एवं सभी अतिथियों को वीर योद्धा हसन खां मेवाती का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति घनश्याम गुर्जर भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तर उम्मेद सिंह भाया अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खा, शिक्षाविद सिद्दीक अहमद इकबाल खान जिला प्रमुख प्रत्याशी रामबीर शाहबदी राजेंद्र कसाना देशराज वर्मा दिनेश गुप्ता सुभाष दायमा सीताराम किराड प्रमोद विजय जितेंद्र राठौर दीपक पंडित हर्ष यादव पूर्व सभापति अशोक खन्ना शशी तिवारी दीपक पण्डित पण्डित जलसिंह हुकमुदीन जयखान उमर मोहम्मद रुकमुद्दीन आरिफ खान आजम खान शब्बीर अहमद हनीफ साह रहमत मेवाती हाजी रायभान रोहीताश चौधरी सरपंच रवि यादव हरीश अरोड़ा पार्षद धीरज जैन शालिनी शर्मा सतीश शर्मा सुनील चौधरी देवेंद्र कुमार रामजीलाल शर्मा अविनाश खंडेलवाल रमाकांत यादव पदम सैनी विष्णु शंकर शर्मा राम अवतार शर्मा शीला जांगिड़ सतीश यादव सुदेश खामरा अंजू गुप्ता सोनू चौधरी महेंद्र शर्मा नवीन यादव दिलीप नरूका गोपाल महावर राकेश यादव भुवनेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# क्षेत्र में शीतलाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया! लोगों ने जमकर होली खेली

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय क्षेत्र में शीतलाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया ! बुधवार सुबह महिलाओं ने समूह में शीतला माता के मंदिर पहुँच कर ठंडे व्यंजनों व पूजन सामग्री से विधिवत पूजा अर्चना की एवं परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामनाएं की! दिन में युवाओं सहित सभी ने जमकर रंगों से होली खेली! पालिका चेयरमैन सुमित काल्या व भाजपा नेता धनराज गुर्जर ने क्षेत्र वासीयों को दी शुभकामनाएँ ! श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री चारभुजा नाथ मंदिर में भगवान को रंग गुलाल से होली खिलाई व वीर सावरकर चौराहे पर श्री श्याम रंग रंगीला फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया ! शीतला अष्टमी के महापर्व पर गुलाबपुरा शहर में श्याम मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया गया फाग उत्सव इस शुभ अवसर पर भगवान चारभुजा नाथ के प्रांगण में फाग उत्सव होली





के रंग में गुलाबपुरा शहर के गणमान्य नागरिक माताएं बहनों द्वारा रंग गुलाल पुष्प वर्षा के साथ खेली गई होली इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के महावीर शारदा, हीरालाल गुर्जर, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग, निर्मल शारदा,एडवोकेट गोपाल वैष्णव,पार्षद राजेश बिलाला,रामदेव खारोल, राहुल चोरड़िया, राहुल काबरा,कांग्रेस नगर अध्यक्ष मधुसूदन पारीक, चेतन पाराशर, रामपाल साहू, कमल जीनगर, प्रेस क्लब अध्यक्ष टीकम हेमनानी, रामेश्वर सोनी, राजकुमार जैन, रतन लाल जैन, शांतिलाल चपलोत, एडवोकेट सतीश पाराशर, धनराज पाराशर, राजकुमार शास्त्री, संपत, गुड्डू सिंधी, विकास और श्याम मंडल सदस्य शहर के गणमान्य नागरिक आदि ने श्री चारभुजा नाथ जी भगवान के संग रंगों की होली खेली ! इसी प्रकार उपखंड क्षेत्र के गावों में भी शीतलाष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया !

# शीतला माता को ठंडा भोजन का लगाया भोग

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के सूरजपोल गेट स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम के





साथ शीतला माता मेले का आयोजन हुआ घर घर में आज गृहणियों ने ठंडे भोजन और तरह तरह के व्यंजनों से शीतला माता को भोग लगा अपने बच्चों और परिवार के लिए प्रार्थना की बच्चों की मां ने बच्चों में ओरी, अचपडा और माता जैसे स्कील रोक और इनसे होने वाली जान माल की हानी से बचाने के लिए मां शीतला से अर्ज कर घर परिवार के साथ प्रसाद के रूप में एक दिन पहले बनाया ठंडा भोजन ग्रहण कर अपने आप को धन्य किया मंदिर परिसर के बाहर भक्त जनों की लंबी कतार लगी हुई दिखाई दे रही थी महिलाओं की कतार लंबी थी उनके हाथ में कई प्रकार के थाल में सजे हुए व्यंजन एवं पूजा सामग्री थी शीतला माता मंदिर में बुधवार को शीतला अष्टमी पर तड़के चार बजे से ही दर्शनार्थं सैलाब उमड़ पड़ा है भक्त गण एवं महिलाओं ने शीतला माता को ठंडा भोग लगाने के लिए प्रातः काल से ही मंदिर परिसर के बाहर कतार में नजर आई इसी के साथ शीतला माता को ठंडे का भोग लगाने और फेरी दे शीष नवाने के लिए महिलाओं और बच्चों की प्रातकाल से ही भीड़ उमड़ पड़ी वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में आए इस मेला स्थल पर बच्चों के लिए खिलौनों की दुकाने, घरेलू आईटम, और प्रसाद की दुकाने सजी हैं लोग यहां आधा घंटे के इंतजार के बाद मां शीतला के दर्शन कर अपने परिवार के कल्याण की मंगल कामना कर रहे थे।

### विद्युत साथी फाउंडेशन ने निभाया मानव धर्म

# विद्युत हादसों में काल कवलित हुए 2 साथी कर्मचारियों के परिवारों को दी आर्थिक मदद

## फाउंडेशन परिवार एक साथी के रूप में कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सहायता के लिए सदैव तत्पर: पुष्पेंद्र चौधरी

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** विधुत साथी फाउंडेशन परिवार की टीम ने अपना मानव धर्म निभाते हुए हाल ही में सहायक अभियंता कार्यालय जैतपुरा के अधीनस्त विद्युत हादसे में काल कवलित हुए टीम साथी मृतक यशपाल सैनी के निवास पर पहुंचकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढ़ाढस बंधाया। साथ ही फाउंडेशन परिवार ने दिवंगत साथी यशपाल सैनी के परिवार को भविष्य में सभी प्रकार से सहायता देने एवं साथ रहने का आश्वासन दिया। फाउंडेशन परिवार ने मृतक परिवार के बच्चों की पढ़ाई और अन्य सहायता के लिए एकत्रित की गयी 21 हजार रुपए की सहायता राशि का चैक दिवगंत साथी की धर्मपत्नी के नाम सौंपा। साथ ही गत दिनों कार्यालय सहायक अभियंता बगरू में कार्यरत गुजरात निवासी विद्युत साथी मुकेश



कुमार भगोरा भी विद्युत हादसे के शिकार होकर मृत्यु को प्राप्त हो गये थे ' उनके परिवार के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए फाउंडेशन ने दिवंगत टीम साथी की पत्नी के नाम से 5100 रुपए की राशि का चैक विद्युत साथी मुकेश कुमार वर्मा के साथ सहायक अभियंता कार्यालय बगरू भिजवाया गया ' विधुत साथी फाउंडेशन परिवार के अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि हमारे विद्युत साथी श्री हितेष लोदवाल जी और अन्य विद्युत साथियो के द्वारा बगरू में भी तकरीबन 30, हजार रुपये की सहायता राशि दिवंगत साथी के परिवार के लिए एकत्रित की गई है ' बड़ा दुःख होता है जब किसी भी प्रकार के हादसे में अल्पायु के अंदर हमारे विद्युत साथी अपनी जान गंवा देते हैं और अपने भरे पूरे परिवार को छोड़ कर चले जाते हैं।उन्होंने आगे बताया कि फाउंडेशन परिवार विद्युत हादसों को रोकने के लिए अपने स्तर पर भी अधिक से अधिक कैंपों का आयोजन करेगा जिससे कि हादसों को टाला जाए साथ ही सभी विद्युत कर्मचारियों और आम नागरिकों को विश्वास दिलाता है कि फाउंडेशन परिवार एक साथी के रूप में हमेशा कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की हर प्रकार की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा ' शोकसभा में फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र जी चौधरी( सहायक अभियंता अ-द्वितीय ) , श्री संदीप सिहाग, श्री लालचंद जी जांगिड, रवि बुटोलिया , मुकेश कुमार, श्रवण सैनी,सुरेश गढ़वाल ,रवि रॉयल,श्री प्रकाश सैनी, मुकेश स्वामी और अन्य विद्युत साथी उपस्थित रहे ।

# पुरस्कृत शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला को सौंपा ज्ञापन

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान के प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर जयपुर में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला के निवास पर मिले । प्रदेश अध्यक्ष सुश्री निर्मल ग्रोवर व प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सानिध्य में प्रदेश के 150 से अधिक पुरस्कृत शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला के निवास पर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं देते हुए सोल व स्मृति चिन्ह भेंट कर अपना मांग पत्र सौंपा । भीलवाड़ा से प्रतिनिधि के रूप में जिला सचिव जगदीश चंद्र शर्मा व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाराशर ने प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर शिक्षा मंत्री के निवास पर पहुंचे । जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाराशर ने बताया कि सरकार द्वारा पुरस्कृत शिक्षकों को दी जाने वाली स्थानांतरण में प्राथमिकता के आदेश को निरस्त कर दिया गया है उसे पुनः लागू करवाने हेतु ज्ञापन दिया गया



व अकादमियों में सदस्य नियुक्त करने की भी पूर्व में सरकार द्वारा घोषणा की गई, लेकिन उसे अभी तक लागू नहीं किया गया । पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान ने सरकार से अकादमियों में पुरस्कृत शिक्षकों को सदस्य बनाने व स्थानांतरण में प्राथमिकता देने की मांग को पुरजोर तरीके से शिक्षा मंत्री के सामने रखा । शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने दोनों मांगों पर सहमति जताते हुए शीघ्र ही आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष निर्मल ग्रोवर सहीत विभिन्न जिलों से 150 कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरकार द्वारा प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा

### अध्यक्ष प्राइवेट हॉस्पिटल संघर्ष समिति अलवर डॉ. विजय पाल यादव ने कही बात

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** राज्य के निजी अस्पताल संचालकों ने प्राइवेट



हॉस्पिटल संघर्ष समिति के बैनर तले मीटिंग की तथा निर्णय लिया कि सरकार द्वारा प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है तथा इस बिल को राज्य के निजी अस्पताल सिरे से खारिज करते हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल संघर्ष समिति का स्पष्ट मत है कि जब राज्य के नागरिकों को सभी स्वास्थ्य सेवाएँ पहले से ही निशुल्क उपलब्ध हैं तो इस बिल की आवश्यकता नहीं है ये बिल राज्य के नागरिकों को स्वास्थ्य का कोई अतिरिक्त अधिकार नहीं देता दिखाई देता है। ये बिल मात्र निजी अस्पतालों पर प्रशासन की अनावश्यक दखलंदाजी को बढ़ावा देगा जिस से निजी अस्पतालों की गुणवत्ता प्रभावित होगी। चुनावी वर्ष में वोटर को लुभाने के लिए सरकार निजी स्वास्थ्य सेवाओं से प्रयोग कर रही है जो राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए घातक साबित होंगे तथा राज्य के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ दे रहा निजी क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होगा ।प्राइवेट हॉस्पिटल संघर्ष समिति इस बिल के विरोध में दिनांक 16मार्च से आंदोलन की चेतावनी देती है तथा सरकार को आगाह करती है कि यदि इस बिल को वापस नहीं लिया गया तो राज्य के निजी अस्पताल आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिसकी सारी ज़िम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर व सेवानिवृत्त आयुर्वेद आचार्य सम्मान समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन



गरीबों का सितारा

**चौमूं सुनील कुमार पाराशर।** सर्वसिद्ध आयुर्वेदा चौमूं के तत्वाधान में 26 मार्च 2023 को होने वाले आयुर्वेद निशुल्क चिकित्सा शिविर व सेवानिवृत्त आयुर्वेद आचार्य सम्मान समारोह के कार्यक्रम का पोस्टर का विमोचन बुधवार को गढ़ गणेश मंदिर में महंत श्री विश्वनाथ जी महाराज के सानिध्य में हुआ। पोस्टर विमोचन में आयुर्वेद आचार्य अविनाश चंद्र शर्मा, वैद्य रमेश चंद शर्मा, वैद्य मुरारी लाल शर्मा, वेद रामविलास शर्मा, अटल बिहारी पारीक, पुरुषोत्तम पारीक, सुरेंद्र पारीक, सत्य प्रकाश पारीक, श्याम दास पारीक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर वैद अविनाश शर्मा ने सभी नागरिकों से आह्वान किया की वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाए।

# राजेश कुमार जल को पीएच.डी. की उपाधि

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजेश कुमार जल पुत्र श्री मूलाराम जल को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की



ओर से कम्प्यूटर विज्ञान विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। यूनिवर्सिटी की मीडिया प्रभारी डॉ० मेघना नें बताया राजेश कुमार जल ने ह्यमोबाईल वाणिज्य में अग्रिम सुरक्षा तंत्र के लिए विश्लेषणात्मक अध्ययन और प्रारूप विकासह्लविषय पर कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, श्री जैन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीकानेर, के विभागाध्यक्ष, डॉ. पंकज दाधीच के निर्देशन में अपना शोध कार्य सम्पन्न किया। राजेश कुमार जल वर्तमान में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत है।

# उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन के बाद अजमेर और अलवर स्टेशनों को भी मिला ईट राइट स्टेशन सर्टिफिकेट

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर और अलवर स्टेशनों को एफएसएसएआई द्वारा ह्यईट राइट स्टेशनह्ल का दर्जा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व जयपुर रेलवे स्टेशन को राजस्थान के पहले ईट



राइट स्टेशन का दर्जा दिया गया था। खाद्य सुरक्षा के नियमानुसार लगभग 8 माह से चरणबद्ध तरीके से जयपुर एवं अजमेर की एफएसएसएआई टीम और उत्तर पश्चिम रेलवे की टीम इसके लिए प्रयासरत थे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक विजय शर्मा के दिशा निदेशों से द्वितीय चरण में उत्तर पश्चिम रेलवे पर खानपान सेवाओं की मानक गुणवत्ता हेतु अजमेर और अलवर स्टेशनों को चयनित कर सभी एफबीओ को सूचीबद्ध किया गया तथा सभी एफबीओ के पास एफएसएसएआई खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। स्टेशनों पर प्री ऑडिट चेक लिस्ट के अनुसार कमियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें दूर किया गया तथा सभी सुपरवाईजर्स एवं फूड हेंडलर्स को हाईजीन, स्वच्छता, न्यूट्रीशनल, फूड वैल्यू, टेम्परेचर मेंटेनेंस, हेल्दी एवं सीजनल फूड की उपलब्धता, किचन में प्रयोग किये गए खाद्य तेल का निस्तारण करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देकर सभी को फोस्टेक प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। प्री-ऑडिट व फाइनल ऑडिट के उपरांत अजमेर व अलवर स्टेशन को ईट राइट स्टेशन का दर्जा 2 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है। इसके लिए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. पी. के. सामंतराय, संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त उ. प. रेलवे डॉ. लक्ष्मी मीना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयपुर तरुण सैनी, तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अजमेर मनोज कुमार सिन्हा एवं प्रधान कार्यालय फूड सेफ्टी टीम का विशेष योगदान रहा।

# विश्व उपभोक्ता दिवस, जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित

**अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया प्रवर्तन अधिकारी अब्दुल सादिक ने बताया कि बुधवार को विश्व उपभोक्ता दिवस पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय एमपावरिंग कन्ज्यूमर्स थ्रो क्लीन एनर्जी ट्रांजिटन्स था। पवर्तन अधिकारी श्रीमती रेणुका चतुवेर्दी ने संगोष्ठी में उपस्थित सभी आगन्तुकों का अभिवादन कर संगोष्ठी की शुरूआत की। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश चतुवेर्दी सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग एवं जयश्री शर्मा सदस्य जिला उपभोक्ता मंच उपस्थित रहे। दिनेश चतुवेर्दी सदस्य जिला उपभोक्ता मंच अजमेर द्वारा ऊर्जा के नए ग्रीन स्त्रोत एवं उपभोक्ता संरक्षणकानून 2019 की जानकारी दी गई। उपभोक्ता को शिक्षित और जागरूक होना चाहिए। उपभोक्ता आपस में चर्चा कर उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर सकते है। उपभोक्ता टोल फ्री नम्बर अथवा ऑनलाईन वीसी का उपयोग कर परिवाद दायर कर सकता है। जयश्री शर्मा सदस्य जिला उपभोक्ता मंच अजमेर ने उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी तथा उपभोक्ता मंच द्वारा प्रकरणों के त्वरित व सरल प्रक्रिया से निस्तारण की जानकारी दी ।राजस्थान राज्य को प्रकृति ने सौर ऊर्जा के रूप में एक उपहार दिया गया है। साक्षरता बढने से उपभोक्ता हितों का संरक्षण भी बढेगा संगोष्ठी में राघवेन्द्र सिंह सचिव उपभोक्ता संदर्भ केन्द्र मसूदा ने सौर ऊर्जा का सेटअप खरीदते समय सजग रहकर ठगी से बचने की सलाह दी। कन्ज्यूमर इन्टरनेशनल संगठन द्वारा उपभोक्ता अधिकारों पर कार्य किया जाता है। संगठन द्वारा इस वर्ष की थीम स्वच्छ ऊर्जा से उपभोक्ता का सशक्तिकरण रखी गई है। ग्रीन एनर्जी यूनिट लगाने में होने





वाली धोखाधडी से बचे जाने की आवश्यकता है।उपभोक्ता को अपनी जरूरत के अनुसार ऑफ ग्रीड अथवा ऑन ग्रीड ईकाइ लगवानी चाहिए। सामान्यत एक किलो वाट के प्लान्ट से 4 यूनिट बिजली पैदा होती है। मोनो के स्थान पर पॉली प्रकार की सौलर प्लेट लगाने से धूप के साथ-साथ उजाले में भी बिजली पैदा हो जाती है। विक्रेता कम रेट का लालच देकर उपभोक्ता को ठग सकते है।राजकीय महाविद्यालय अजमेर की सहआचार्यडॉ. मधू जैन ने कहा कि जीवाश्मीय ईंधन के स्थान पर स्वच्छ उर्जा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हमारे देश द्वारा 2030 तक 40 प्रतिशत ऊर्जा स्वच्छ तरीके से पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय सौर मिशन, राष्ट्रीय बायो गैस और खाद प्रबन्ध कार्यक्रम, सूर्य मित्र कार्यक्रम एवं सौर ऋण कार्यक्रम तथा बडे ग्रीन एनर्जी प्लान्टस से भविष्य में ऊर्जा आवश्यकता पूर्ण की जाएगी। सह आचार्य डॉ. मानक जैन ने कहा कि ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोतों को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वार ऊर्जा में परिवर्तित करने की आवश्यकता है।प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोत से पर्यावरण को हानि नहीं होगी एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। ऊर्जा आधुनिक जीवन शैली का अविभाज्य अंग है। जागरूक उपभोक्ता बनकर ग्रीन एनर्जी का उपयोग करना चाहिए नरेन्द्रपाल पदावत उपाध्यक्ष अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन खरवा ने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई ।स्वच्छ ऊर्जा की जानकारी नई पीढी को दी जानी चाहिए। श्री शिवशंकर ने कहा कि ई-वाहन प्रयोगकताओं को बैटरी रिप्लेसमेन्ट की जानकारी भी दी जानी चाहिए। श्री संदीप मिश्रा ने ने ऊर्जा के नए स्त्रोत विकसित करना समय का आवश्यकता होना बताया ।श्री फूलचंद शर्मा पूर्व कार्यालय सचिव अजमेर होलसेल मर्चेंट एसोशिएसन अजमेर बाजार में अधिकतम बिक्री मूल्य निर्धारण पर नियंत्रण लगाने की आवश्यकता बताई ।इससे उपभोक्ता को ठगी से बचाया जा सकेगा। श्री अशोक झान्झरी अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन अजमेर ने राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा पर सराहनीय कार्य करने की जानकारी दी संगोष्ठी संचालन रेणुका चतुवेर्दी प्रवर्तन अधिकारी द्वारा किया गया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पानी पीना है फायदेमंद लेकिन मात्रा का रखें ध्यान..

भरपूर पानी पीने की सलाह हर कोई देता है। लेकिन एक दिन में कितनी मात्रा में पानी पीना चाहिए, यह जानना भी जरूरी है। क्योंकि जैसे जरूरत से कम पानी पीना हेल्थ के लिए हार्मफुल होता है, वैसे ही ज्यादा पानी पीना भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**अवेयरनेस**

**रेखा देशराज**



हम अकसर हेल्थ मैग्जीन, वेबसाइट्स में पढ़ते या लोगों से सुनते हैं कि खूब पानी पीना हेल्थ के लिए अच्छा होता है। लेकिन अति सर्वत्र वर्जयेत्... यह बात जरूरत से ज्यादा पानी पीने पर भी लागू होती है। यहां तक कि ज्यादा पानी पीने से मौत भी हो सकती है।

**डेंजरस है ज्यादा पानी पीना :** एक शोध के मुताबिक जरूरत से ज्यादा पानी पीने से खून में सोडियम की मात्रा बहुत कम हो जाती है। दरअसल, शरीर में पानी की मात्रा ज्यादा हो जाने के कारण सोडियम उसमें घुल जाता है। अगर शरीर में सोडियम बहुत कम हो जाए तो ब्रेन और बॉडी दोनों की कोशिकाओं में सूजन आ जाती है, जिसे मेडिकल की भाषा में सेरिब्रल ओएडेमा कहते हैं। इससे पीड़ित व्यक्ति कोमा में चला जाता है और उसकी मौत भी हो सकती है। जरूरत से ज्यादा पानी पीने से ब्रेन के फंक्शन में बाधा आती है, इसे वाटर प्वॉइजनिंग कहते हैं।



यह स्थिति तब पैदा होती है जब खून के अंदर पानी की मात्रा बढ़ जाती है। ब्रेन की कोशिकाओं में सूजन आने पर व्यक्ति को भ्रम, उनींदापन, क्रैंप, मांसपेशियों में कमजोरी और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्या हो सकती है। जरूरत से ज्यादा पानी पीने से आपको ओवरहाइड्रेशन की समस्या भी हो सकती है, इसे ही वाटर इंटाक्सिकेशन कहते हैं। इसके कारण जी मिचलाता है, उल्टियां होती हैं, लगातार सिर दर्द बना रहता है, किसी बात को लेकर मस्तिष्क स्पष्ट निर्णय नहीं ले पाता। ऐसी स्थित में भी कोमा में जाने और मौत का खतरा बन जाता है।



**कितना पानी पीना है पर्याप्त :** शरीर की जरूरत के अनुसार पानी पीने का मतलब होता है कि जब प्यास लगे, तब पानी पीएं। ज्यादातर लोगों के लिए दिन में 8 ग्लास पानी पीना पर्याप्त है। लेकिन कुछ लोगों को इससे ज्यादा की जरूरत हो सकती है। इसके लिए डॉक्टर की सलाह लेकर पानी कम या ज्यादा पीने का फैसला किया जाए तो ज्यादा सही है। वैसे डॉक्टरों के मुताबिक किसी गर्म इलाके में रहने वालों के लिए दिनभर के लिए 2 लीटर पानी पीना पर्याप्त है। ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस की एडवाइजरी के मुताबिक, आप हर रोज 6-8 ग्लास पानी पिएं। इसमें मिल्क, सॉफ्ट ड्रिंक, चाय और कॉफी भी शामिल हैं।

**ऐसे जानें पर्याप्त पानी की मात्रा :** अगर आप खुद को कभी प्यासा महसूस नहीं करते हैं तो इसका मतलब है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पी रहे हैं। इसे जांचने का एक अन्य तरीका यूरीन कलर भी हो सकता है। क्या यह रंगहीन या हल्की पीली होती है? अगर हां तो आप पर्याप्त पानी पी रहे हैं। पर्याप्त पानी पीने के मामले में कुछ सावधानियां बरतनी भी जरूरी हैं। मसलन, खाना खाने के बाद या फिर बीच में, जैसी आपकी आदत हो, थोड़ा पानी पी सकते हैं। अगर नियमित एक्सरसाइज करते हैं तो इसके पहले, इसके दौरान और इसके बाद भी पानी जरूर पीएं। पानी पीने की जरूरत जानने का सबसे कुदरती तरीका यह है कि जब भी प्यास लगे, तुरंत पानी पीएं। लेकिन यह बात भी जान लें कि बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए पानी एकमात्र ऑप्शन नहीं है, आपके खान-पान से भी बॉडी हाइड्रेट रहती है। अगर आपके खान-पान में पर्याप्त फल, हरी सब्जियां, दूध, जूस, हर्बल चाय, कॉफी आदि शामिल हैं तो ये चीजें भी पानी की एक हद तक जरूरत पूरी करती हैं।

**तब पीएं ज्यादा पानी :** हमारे शरीर को कई बार ज्यादा पानी पीने की जरूरत होती है, मसलन गर्भवती और बच्चे को दूध पिलाने वाली मांओं को आम महिलाओं से ज्यादा पानी पीने की जरूरत होती है। अगर किसी को लगातार बुखार आ रहा है, लूज मोशन/वॉमिटिंग हो रही हैं तो इस स्थिति में भी ज्यादा पानी पीने की जरूरत होती है। जहां तक यह सवाल है कि कैसा पानी पीना चाहिए तो रूम टेंप्रेचर या बहुत हल्का गुनगुना पानी पीना सबसे सही रहता है। *

पिछले कुछ समय से देश के कई इलाकों में जुकाम, खांसी और बुखार के पेशेंट्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर्स के अनुसार इसका कारण इंफ्लूएंजा ए-एच3एन2 वायरस का संक्रमण है। लापरवाही बरतने पर यह संक्रमण खतरनाक हो सकता है। इसीलिए यहां आपको डिटेल में बता रहे हैं इस रोग के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

## इंफ्लूएंजा ए-एच३एन२ का बढ़ता संक्रमण

# बरतें पूरी सावधानी-रहें सुरक्षित

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. मोहसिन वली**
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली

हालांकि बदलते मौसम में हर साल इंफ्लूएंजा वायरस के वेरिएंट्स से कुछ लोग संक्रमित होते हैं। लेकिन इस बार इसके चार वेरिएंट्स ए, बी, सी और डी में से एक टाइप ए के म्यूटेशन से सामने आया नया वेरिएंट इंफ्लूएंजा ए-एच3एन2 वायरस बहुत ज्यादा सक्रिय होकर तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है। यह वायरस, कोरोना की तरह कम्यूनिटी स्प्रेड होकर पूरे देश में बहुत तेजी से फैल रहा है। इस वजह से जुकाम, खांसी और बुखार के ट्रिपल अटैक के मामले सामने आ रहे हैं। हर उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके मरीजों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी देखी जा रही है और कुछ राज्यों में तो इस वायरस से संक्रमित मरीजों की डेथ भी हुई है। ऐसे में सभी को पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में हर साल इंफ्लूएंजा वायरस से 30-50 लाख लोग संक्रमित होते हैं, जिनमें से 3-7 लाख लोगों की मौत भी हो जाती है।

### ऐसे फैलता है वायरल इंफेक्शन

इन दिनों खांसी, जुकाम और बुखार के लिए जिम्मेदार इंफ्लूएंजा ए-एच3एन2 वायरस को मिनी कोविड कहा जा रहा है। जिस तरह कोरोना एक शख्स से दूसरे में फैलता है और सीधे फेफड़ों पर अटैक करता है। उसी तरह यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में भी मेजी से फैल रहा है। जब संक्रमित मरीज छींकता या खांसता है, तो इसके ड्रॉपलेट्स एक मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं। आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरसयुक्त ड्रॉपलेट्स किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं। जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में दूसरा व्यक्ति भी एच3एन2 से संक्रमित हो जाता है।

### क्यों मान रहे हैं खतरनाक

एच3एन2 वायरस को बहुत संक्रामक होने के साथ खतरनाक भी माना जा रहा है। एक्सपर्ट्स के अनुसार कोरोना वायरस की तरह ही इंफ्लूएंजा ए-एच3एन2 वायरस भी मरीज के शरीर में लंबे समय तक बना रहता है। यह लंग्स के टिश्यूज या ब्रोंकाइल लाइनिंग को खराब कर देता है। ब्रोंकाइल के आगे मौजूद पतले एयर सेल्स में इंफ्लेमेशन पैदा कर देता है, जिसे ब्रोंक्यूलाइटिस कहा जाता है। इस कंडीशन में मरीज को सांस लेने में काफी दिक्कत होती है। आईसीएमआर के मुताबिक कमजोर इम्यूनिटी वाले मरीज, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं, इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इनके अलावा टीबी, अस्थमा या लंग्स इंफेक्शन, किडनी, कार्डिएक डिजीज से पीड़ति मरीजों के लिए यह वायरस अधिक खतरनाक हो सकता है।

### संक्रमण के प्रमुख लक्षण

इस वायरस से संक्रमित होने पर रोगी में तेज बुखार होना, 5-8 दिन में बुखार सही होने के बाद सूखी खांसी 3 सप्ताह से भी ज्यादा समय तक लगातार बने रहना, खासकर रात को सोने के समय ज्यादा खांसी होना जैसे लक्षण दिखते हैं। खांसी की वजह से अनिद्रा, गले में दर्द, खराश और कफ होना, नाक बहना, सांस लेने में दिक्कत होना, सीने में दर्द होना, घबराहट महसूस होना, बार-बार उल्टी आना, डिहाइड्रेशन के कारण फेफड़ों में तकलीफ होना, मांसपेशियों-बदन दर्द होना, कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन जैसे लक्षण भी दिख सकते हैं।








### कब जाएं डॉक्टर के पास

अगर किसी को 5 दिन से ज्यादा बुखार और बदन दर्द हो तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं। चूंकि एच3एएन3 वायरस पर एंटीबॉयोटिक बेअसर है, इसलिए डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबॉयोटिक नहीं खानी चाहिए। इससे भविष्य में दूसरी समस्याएं हो सकती हैं।

### उपचार के तरीके



एच3एन2 वायरस संक्रमण का पता लैब टेस्ट से ही चल सकता है। जांच करने के बाद ही डॉक्टर मरीज की स्थिति के हिसाब से सिंप्टोमैटिक ट्रीटमेंट देते हैं। एंटी एलर्जी दवाई भी दी जा सकती हैं। बुखार और बदन दर्द के लिए पैरासिटामॉल ले सकते हैं। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को स्टेरॉयड भी दिए जाते हैं।

### बचाव के तरीके

एच3एन2 संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईसीएमआर ने इससे बचाव के लिए गाइडलाइंस जारी की हैं। इस पर सख्ती से अमल करके संक्रमण से बचा जा सकता है।



- कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करें।
- साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। नियमित तौर पर हाथ साबुन और पानी से धोएं। हैंड सेनिटाइजर का यूज भी कर सकते हैं।
- भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। बाहर जाते समय या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से पहले मास्क जरूर पहनें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। कम से कम 2 मीटर की दूरी बना कर रखें।
- खांसते-छींकते समय नाक और मुंह को ठीक से कवर करें। नाक और मुंह को बार-बार छूने से बचें।
- सार्वजनिक जगह पर हाथ मिलाने और थूकने से बचें।
- फ्लू होने पर अपने आपको आइसोलेट करें ताकि दूसरे लोग संक्रमित ना हों।
- जितना जल्दी हो सके, डॉक्टर को कंसल्ट करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबॉयोटिक दवाइयां ना लें। उनकी सलाह पर बुखार-बदन दर्द के लिए पैरासिटामॉल और एहतियातन रोजाना विटामिन सी और जिंक टेबलेट ले सकते हैं।
- गरारा करते रहें। कफ ज्यादा हो तो स्टीम भी लें। इससे काफी आराम मिलेगा।
- पूरा आराम करें। बिना डॉक्टर की सलाह के दवाई लेना ना छोड़ें।
- इंफेक्शन से बचने के लिए वयस्क लोग सालाना इंफ्लूएंजा वैक्सीन और 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को न्यूमोकोकल वैक्सीन जरूर लगवाएं।
- घर का बना ताजा, गर्म, पौष्टिक और संतुलित खाना खाएं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसमी और ताजी फल-सब्जियों का सेवन करें। अदरक, लहसुन जैसी चीजों को अपने आहार में शामिल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी और लिक्विड डाइट का सेवन करें। यथासंभव गुनगुना पानी और काढ़ा पिएं।
- खट्टे फल, फ्रिज में रखा ठंडा जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम से परहेज करें। खटाई, दही जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- रोजाना व्यायाम जरूर करें। घर पर ही योगा, अनुलोम-विलोम, डीप ब्रीदिंग करें। *

**प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा**

**अवेयरनेस**

**डॉ. अनुज छाबरा**
प्रोफेसर-डेंटिस्ट्री, एनडीएमसी
मेडिकल कॉलेज, हिंदू राव हॉस्पिटल, दिल्ली

# तब नहीं होंगी ओरल हेल्थ प्रॉब्लम्स



एक अनुमान के मुताबिक आबादी का काफी बड़ा प्रतिशत किसी ना किसी प्रकार की ओरल हेल्थ की समस्या से ग्रस्त रहता है, इसके बावजूद अपने दांतों को लेकर लोग लापरवाही बरतते हैं। ऐसे में ओरल हेल्थ के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 20 मार्च को 'वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे' के रूप में मनाया जाता है। इस बार की थीम 'बी प्राउड ऑफ योर माउथ फॉर योर हैप्पीनेस एंड वेल-बीइंग' रखी गई है। अपनी ओरल हेल्थ को परफेक्ट रखने के लिए आपको इससे जुड़ी बातें जरूर पता होनी चाहिए।

**ओरल प्रॉब्लम्स के लक्षण :** ब्रशिंग और फ्लॉसिंग के दौरान मसूड़ों में से खून आना, मुंह से बदबू आना, ठंडा या गरम खाने पर दांतों में झनझनाहट होना, चबाने पर आपके दांतों में दर्द होना, मसूड़ों में सूजन होना, दांतों पर पीली परत होना, मुंह में गांठ, छाले या घाव होना जैसे लक्षण ओरल प्रॉब्लम्स की वजह से दिखते हैं।

**प्रमुख कारण:** ओरल प्रॉब्लम्स होने की कई वजहें हो सकती हैं। जैसे दांतों में बैक्टीरिया, फूड और एसिड मिलकर दांतों प्लाक की परत जमा कर देते हैं। धीरे-धीरे दांतो के इनेमल और कनेक्टिव टिश्यू डैमेज होने लगते हैं, जिससे दांत परमानेंट खराब होने लगते हैं। इसे कैविटीज कहा जाता है। कुछ भी ठंडा या गर्म खाने पर दांतों में झनझनाहट होना, खट्टा या मीठा खाने पर संसेशन होना जैसी समस्याओं को ही दांतों की सेंसिटिविटी कहते हैं। मसूड़ों में सूजन, खून आना या फिर इनका लाल होना जिंजिवाइटिस रोग कहलाता है।

**उपचार:** दांतों की जांच के बाद इसका ट्रीटमेंट किया जाता है।

**क्लीनिंग :** क्लीनिंग के जरिए दांतों पर मौजूद प्लाक को हटाया जाता है, साथ ही गम लाइन की सफाई की जाती है।

**फ्लोराइड ट्रीटमेंट :** फ्लोराइड एक नेचुरल मिनरल है, यह दांतों के इनेमल को मजबूत बनाता है।

**टूथ फिलिंग :** यदि दांत में हल्का कीड़ा लगा है या दांत में छेद हो जाए तो इसमें डेंटिस्ट दातों में ड्रिल करके उसमें कंपोजिट भर देते है। इस तरह कुछ समय के लिए समस्या को टाला जा सकता है।

**रूट कैनाल ट्रीटमेंट :** जब कीड़ा दांत को जड़ तक खराब कर देता है तब रूट कैनाल की जाती है। इसमें दांतों में मौजूद नर्व को या तो बदला जाता है या निकाल दिया जाता है। उसकी जगह पर बायो कंपोजिट मैटेरियल या एड्हेसिव सीमेंट भर दिया जाता है और साथ ही उस पर नए दांत की कैपिंग या क्राउन लगा दी जाती है।

**सर्जरी :** यदि दांत अधिक खराब हो जाएं तो दांत की परिस्थिति को देखते हुए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। जिसमें फ्लैप सर्जरी, बोन ग्राफ्टिंग, सॉफ्ट टिश्यू ग्राफ्ट, टूथ एक्सट्रैक्शन और डेंटल इंप्लांट्स सर्जरी शामिल हैं।

**बचाव के उपाय :** दिन में दो बार सॉफ्ट ब्रश से दो मिनट दांत साफ करें। दांतों पर सीधा या वर्टिकल दिशा में ब्रश करें हॉरिजॉन्टल दिशा में नहीं। प्रत्येक तीन महीने में ब्रश बदल लें। दांतों के बीच फंसे टुकड़ों को निकालने के लिए फ्लॉस का इस्तेमाल करें। फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट और माउथवॉश का इस्तेमाल करें। दांतों के साथ-साथ टंग क्लीनर से जीभ की सफाई अवश्य करें। छह महीने के अंतराल पर डॉक्टर से दांतों का चेकअप करवाएं। दांतों में चिपकने वाली चीजें जैसे-चॉकलेट, कैंडी आदि कम खाएं। *

**प्रस्तुति : दीपिका शर्मा**



**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# खाने के बाद पेट दर्द की हो सकती हैं कई वजहें

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से खाना खाने के बाद पेट की बाईं तरफ दर्द होता है, कुछ देर बाद ठीक हो जाता है। ऐसा किसी गंभीर समस्या की वजह से तो नहीं हो रहा है?**

**-राजपाल, जांजगीर-चांपा**

जैसा आप बता रहे हैं कि पेट में दर्द हो रहा है। कई बार स्टोन की वजह से भी दर्द होता है या फिर पेट में संक्रमण भी एक कारण हो सकता है। बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। जांच के बाद ही ट्रीटमेंट शुरू होगा। इस दौरान आप तला-भुना और मिर्च-मसाला वाला खाना कम खाएं। खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। एक हफ्ते पहले किडनी स्टोन का पता चला है। क्या दवा से ट्रीटमेंट हो सकता है या ऑपरेशन ही करवाना होगा, कृपया गाइड करें।**

**-योगेंद्र, रोहतक**

बगैर जांच के कुछ भी कहना मुश्किल है, क्योंकि स्टोन का साइज क्या है, किस पोजीशन में है। यह सब कुछ जांच के बाद ही कहा जा सकेगा। आप डॉक्टर से संपर्क कर प्रॉपर चेकअप करवाएं तभी उपचार हो सकेगा।

**मेरी उम्र 49 साल है। कुछ महीनों से जोड़ों में हल्का दर्द महसूस होता है। इसकी क्या वजह हो सकती है, कृपया बताएं?**

**-अजित, भोपाल**

उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों में दर्द शुरू हो जाता है। कई बार कैल्शियम की कमी की वजह से भी यह समस्या होती है। आप सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क कर कैल्शियम की दवा लें। साथ ही फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क करें और डेली एक्सरसाइज करें। इससे आपको स्थाई रूप में जोड़ों के दर्द से आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 30 वर्ष है। मुझे अकसर रात के समय हल्की मितली, पेट में दर्द महसूस होता है। ऐसा क्यों हो रहा है कृपया मेरी समस्या का समाधान बताइए?**

**-आयुष, दिल्ली**

इस समस्या को हल्के में लेकर इग्नोर ना करें। पहले आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। उनकी सलाह पर अल्ट्रासाउंड और इंडोस्कोपी जैसी जांच करवाएं। इसके आधार पर ही ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 71 साल है। करीब एक महीने पहले अचानक हाथों पर सफेद दाग उभर आए हैं। ऐसा अचानक क्यों हुआ? इनका क्या ट्रीटमेंट हो सकता है?**

**-चरनजीत, बिलासपुर**

आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। डॉक्टर ही जांच करने के बाद यह बताएंगे कि कारण क्या है और ट्रीटमेंट कितना कारगर रहेगा या नहीं रहेगा। यह सब जांच के बाद ही पता चलेगा। अपने मन से कोई दवा ना खाएं। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडेय**

॥ आवश्यकता ॥

आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार "गरीबों का सितारा" को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।

नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. 8233553666

राजेन्द्र शर्मा
प्रधान सम्पादक
Mob. 7733050125

॥ सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ॥

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# डब्लूपीएल : आरसीबी की पांच हार के बाद पांच विकेट से पहली जीत

एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग टी20 मैच में बुधवार को यहां यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से शिकस्त देकर छह मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 19.3 ओवर में 135 रन पर आउट करने के बाद 18 ओवर में पांच विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मैन ऑफ द मैच कणिका ने 30 गेंद में आठ चौके और एक छक्का की मदद से 46 रन बनाने के अलावा हिथर नाइट (24) के साथ चौथे विकेट के लिए 46 और रिचा घोष के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। रिचा 32 गेंद में तीन चौके और एक छक्का की मदद से 31 रन बनाकर नाबाद रही। यूपी वॉरियर्स के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट चटकाए जबकि ग्रेस हैरिस, सोफी एकलस्टन और देविका वैद्य को एक-एक सफलता मिली।



### हैरिस-दीप्ति ने जोड़े 69 रन

*हैरिस (46) और दीप्ति (22) ने बल्ले से भी योगदान देते हुए छठे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर वॉरियर्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। टीम नौवें ओवर में 31 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन हैरिस ने 32 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े जबकि दीप्ति ने 19 गेंद की पारी में चार चौके लगाए। इन दोनों के अलावा किरण नवगिरे (22) और एकलस्टन (12) ही दहाई के अंक में पहुंची।*

### पेरी को तीन विकेट

*आरसीबी के लिए एलिस पेरी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन सफलता हासिल की तो वही सोफी डिवाइन और सोभना आशा ने दो-दो विकेट लिये। मेगन शूट और श्रेयंका पाटिल को एक-एक सफलता मिली।*

## भारतीय टीम ने किया अभ्यास कुलदीप, चहल पर रही नजर



**मुंबई।** कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या सहित भारतीय क्रिकेट टीम के कई सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला से पूर्व बुधवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास शुरू किया लेकिन सभी की निगाहें कलाई के दो स्पिनरों कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल पर टिकी रही जिनका अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए आलराउंडर रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर से मुकाबला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में कुलदीप और चहल अपनी गुगली, फ्लिपर और लेग ब्रेक का कमाल दिखाकर इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण मुंबई में होने वाले पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे और इस मैच के लिए कार्यवाहक कप्तान पंड्या उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने सफेद गेंद से दो घंटे से अधिक समय तक अभ्यास किया। जिन अन्य खिलाड़ियों ने अभ्यास में भाग लिया उनमें तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर तथा बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### चैंपियंस लीग : हालैंड ने दागे 5 गोल, 7-0 से जीता सिटी

**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हालैंड ने चैंपियंस लीग मुकाबले में सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांच गोल दागे जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आरबी लेपजिग को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूरोपीय फुटबॉल की इस शीर्ष प्रतियोगिता में इससे पहले लियोनल मेस्सी और लुईज एड्रियानो ही किसी मुकाबले में पांच गोल कर पाए थे। हालैंड इसके साथ ही चैंपियंस लीग में सबसे जल्दी 30 गोल के आंकड़े को छूने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने सिर्फ 25वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

### प्रो लीग : भारत ने शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराया

**राउरकेला।** भारतीय हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के मैच में बुधवार को पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज कर तीन दिन में दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।



नियमित समय के दौरान दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थी। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार प्रदर्शन किया, जिसे भारत ने 4-3 से अपने नाम किया। बिरसा मुंडा स्टेडियम में लगातार चौथी जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 48 टीमें खेलेंगी 104 मैच

नई दिल्ली। फीफा ने बुधवार को घोषणा की है कि 2026 वर्ल्ड कप में कुल 104 मैच खेले जाएंगे और टूर्नामेंट में 48 टीमें हिस्सा लेंगी।




पारंपरिक रूप से फीफा विश्व कप में 64 मैच खेले जाते थे, लेकिन इस बार प्रारूप का विस्तार किया गया है। फीफा 2026 वर्ल्ड कप की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर करेंगे। यह पहला मौका होगा जब टूर्नामेंट में 48 टीमें हिस्सा लेंगी।

## पेरिस ओलंपिक को देखते हुए नए वजन वर्ग में आजमाएंगी दांव पेच

# निकहत, लवलीना वर्ल्ड चैंपियनशिप में आज से पदक के लिए देंगी चुनौती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजी में अपने बढ़ते रुतबे के अनुरुप मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा तो उसे निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से काफी उम्मीदे होंगी। बाएं घुटने की चोट से उबर रहीं छह बार की चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियन निकहत और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना 12 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी।

दुनिया की चौथे नंबर की मुक्केबाज निकहत ने अपना वजन वर्ज 52 किग्रा से घटाकर 50 किग्रा कर लिया है। उन्होंने पिछले साल तुर्की में 52 किग्रा वर्ग में ही खिताब जीता था। दूसरी ओर लवलीना ने 69 किग्रा वेल्टरवेट वर्ग से अपना वजन बढ़ाकर 75 किग्रा मिडिलवेट वर्ग में किया है क्योंकि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए उनके दोनों पसंदीदा वजन वर्ग को हटा दिया गया है। निकहत के लिए 50 किग्रा वर्ग में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।





*भारतीय टीम : नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), साक्षी चौधरी (52 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), मनीषा मोन (57 किग्रा), जैसमीन लम्बोरिया (60 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), सनामचा चानू (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), स्वीटी बूरा (81 किग्रा) और नुपुर श्योराण (81 किग्रा से अधिक)।*

### शीर्ष मुक्केबाजों से होगा सामना

*ओलंपिक भार वर्ग होने के कारण निकहत को को पोडियम पर जगह बनाने के लिए कुछ शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में एशियाई चैंपियनशिप जीती थी लेकिन वह अब भी अपने नए भार वर्ग के अनुसार ढल रही हैं। लवलीना ने कहा, 'मेरे मुक्कों की ताकत में सुधार पर ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि मेरे विरोधी 69 किग्रा वर्ग के मुकाबले ज्यादा मजबूत होंगे।'*

### भारत तीसरी बार कर रहा मेजबानी

*यह तीसरी बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। लेकिन कई देशों के बहिष्कार, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के बीच संघर्ष और एक अदालती मामले ने टूर्नामेंट की चमक को कम कर दिया है। रूस के उमर क्रेमलेव की अध्यक्षता में आईबीए ने आईओसी की सिफारिशों के विपरीत रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों को अपने स्वयं के ध्वज तले प्रतिस्पर्धा पेश करने की अनुमति दी थी जिसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड सहित 10 से अधिक देश टूर्नामेंट से हट गए।*

### 65 देश होंगे शामिल

*चैंपियनशिप के 13वें सत्र में 65 देशों के 300 से अधिक मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के स्वर्ण विजेता को एक लाख डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी जबकि रजत पदक विजेताओं को 50 हजार डॉलर मिलेंगे। दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 25-25 हजार डॉलर दिए जाएंगे। भारत ने पिछले टूर्नामेंट में एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते थे।*

# टेस्ट रैंकिंग : अश्विन बने वर्ल्ड नंबर-1, कोहली को फायदा



एजेंसी ▸▸| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के चौथे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

बीजीटी श्रृंखला में वह 25 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज रहे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में हुआ और उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को 10 रेटिंग अंकों से पीछे छोड़ दिया। रैंकिंग में स्पिनर रविन्द्र जडेजा (आठवें से नौवें स्थान पर खिसके) को एक स्थान का नुकसान हुआ है जबकि अक्षर पटेल छह पायदान चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में बल्ले से दमदार योगदान देने वाले अक्षर हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गए। इस सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं। चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह छठे से सातवें स्थान पर खिसक गए है।

### 13वें पायदान पर कोहली



बल्लेबाजों की सूची में चोटिल ऋषभ पंत (नौवें) और रोहित शर्मा (10वें) शीर्ष 10 में शामिल भारतीय है। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 186 रन की पारी खेलने वाले विराट कोहली सात स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 17 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए।

# आईपीएल से पहले 'रॉकस्टार' बने सीएसके के कप्तान धोनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईपीएल के 16वें सीजन का 31 मार्च को होने वाला है। आईपीएल की तैयारी के लिए सीएसके के अधिकतर खिलाड़ी चेन्नई पहुंच चुके हैं। वह एमए चिदंबरम स्टेडियम में अभ्यास कर रहे हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से लगातार फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। इसी बीच, बुधवार को एक वीडियो सीएसके ने शेयर किया है, जिसमें टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी नए अवतार में नजर आ रहे हैं।

धोनी टीम के अन्य तीन साथियों के साथ किसी विज्ञापन और प्रोमो की शूटिंग में लगे हैं। इस दौरान उनके हाथ में गिटार दिख रहा है। धोनी किसी रॉकस्टार से कम नहीं लग रहे। वह एक रॉकस्टार की तरह गिटार के साथ पोज दे रहे हैं। धोनी के साथ टीम के ओपनर बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, ऑलराउंडर शिवम दुबे और तेज गेंदबाज दीपक चाहर मस्ती कर रहे हैं।



# वनडे श्रृंखला : अय्यर भारतीय टीम से बाहर

एजेंसी ▸▸| मुंबई



*भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ के निचले हिस्से की चोट के फिर से उभरने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। एजसी ने 11 मार्च को ही अय्यर के वनडे से बाहर होने की खबर दी थी। पता चला है कि मुंबई का यह कलात्मक बल्लेबाज चकाचौंध से भरी इंडियन प्रीमियर लीग में भी भाग नहीं ले पाएगा। अय्यर आईपीएल में केकेआर का नेतृत्व करते हैं। वह फिलहाल रिहैबिलिटेशन के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में है। अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी कि उन्हें जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तरह सर्जरी की आवश्यकता होगी या नहीं।*

# इंडियन्स वेल्स : गॉफ, फ्रिट्ज ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह


एजेंसी ▸▸| इंडियन वेल्स

कोको गॉफ ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्वीडन की क्वालीफायर रेबेका पेटरसन को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट में 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 4-4 के स्कोर पर तीन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए अपनी सर्विस बचाई और फिर अगले गेम में मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-3, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज की। चार साल पहले रेबेका ने तब 14 साल की गॉफ को मिशिगन में चैलेंजर टूर्नामेंट में हराया था। छठी वरीय अमेरिकी गॉफ अगले दौर में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका से भिड़ेंगी जिन्होंने 16वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा को 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। चौथे दौर के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीय मारिया सकारी ने 17वीं वरीय केरोलिना प्लिसकोवा को 6-4, 5-7, 6-3 से शिकस्त दी।



## सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले दौर से हारकर बाहर





**बर्मिंघम।** भारतीय स्टार पीवी सिंधू की खराब फॉर्म ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भी जारी रही जिसमें वह बुधवार को यहां चीन की झांग यी मैन से सीधे गेम में हारकर पहले दौर में बाहर हो गई। दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को 39 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में 17-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस साल तीसरा अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई।

## ऋषभ पंत स्विमिंग पूल में कर रहे चलने की प्रैक्टिस:वीडियो पोस्ट किया; कार एक्सीडेंट के बाद 6 हफ्ते तक अस्पताल में एडमिट रहे

**दिल्ली।** पंत ने बुधवार को यह वीडियो पोस्ट किया। वे 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से देहरादून जाते वक्त एक कार हादसे का शिकार हो गए थे। कार हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अब ठीक हो रहे हैं। 25 साल के स्टार विकेटकीपर पंत अब स्टिक के सहारे चलने भी लगे हैं। वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे। इसके लिए पंत कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। पंत ने इसकी झलक अपने सोशल मीडिया फैंस को दिखाई है। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे स्विमिंग पूल के अंदर पानी में चलते नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में एक स्टिक है। पंत ने पोस्ट में लिखा, 'छोटी-बड़ी हर चीज के लिए आभारी हूं।' 30 दिसंबर 2022 को सुबह 5:30 बजे दिल्ली से देहरादून जाते हुए कार हादसे में बुरी तरह घायल हुए पंत 6 हफ्ते तक अस्पताल में रहे और अब रिकवरी कर रहे हैं।

# पंत ने शेयर किया इमोशनल वीडियो



***नई दिल्ली।*** *भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कार दुर्घटना के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। पंत आगामी आईपीएल में नहीं खेलेंगे। उनकी वापसी में अभी पांच से छह महीने और लग सकते हैं। पंत अपनी फिटनेस को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस को अपडेट देते रहते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह पूल में चल रहे हैं। पंत पूल में छड़ी के सहारे चल रहे हैं। अभी उन्हें चलने के लिए सहारे की जरूरत पड़ रही है। पंत ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'छोटी चीजों, बड़ी चीजों और बीच की हर चीज के लिए आभारी हूं।' पंत के इस वीडियो को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी लाइक किया है।*

## टीम इंडिया अब ऑस्ट्रेलियन से नजर नहीं चुराती, जीतती है :वनडे में 2010 तक कंगारु हम पर हावी थे . उसके बाद से हम उसे दौड़ा रहे

**मुंबई।** भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 17 मार्च से शुरू हो रही है। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह वर्ल्ड कप का साल है और भारत में ही यह टूर्नामेंट होना है। ऐसे में यह सीरीज एक-दूजे की तैयारियां परखने का मौका है। पहला मुकाबला कल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले से एक दिन पहले हम आपके लिए लाए हैं भारत-ऑस्ट्रेलिया की वनडे राइवलरी पर स्टोरी। इसमें आप जानेंगे कि कैसे एक दशक से ज्यादा तक क्रिकेट का सरताज रही ऑस्ट्रेलियाई टीम पर भारतीय जांबाज हावी होने लगे। हम ग्राफिक में दिखाएंगे दोनों टीमों की जीत-हार के आंकड़े, कंगारुओं ने कब से कब तक डोमिनेट किया और भारतीय टीम कब से बराबरी पर आई... थोड़ा सा बैकग्राउंड जान लेते हैं वनडे में भी यही हाल होता है। अब तक इस फॉर्मेट के 12 वर्ल्ड कप हुए हैं और इनमें से 5 बार ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। भारत से होने वाले मुकाबलों में भी ज्यादातर ऑस्ट्रेलिया की ही जीत होती थी। इस सदी की शुरूआत में टीम को लगभग अजेय कहा जाता था। पहले दशक में ऑस्ट्रेलिया वनडे में हम पर हावी रहा। लेकिन, दूसरे दशक में भारत ने कहानी बदल दी। इस राइवलरी में क्या, कब, कहां , कैसे हुआ आगे पढ़िए.... शुरूआत पॉजिटिव रही थी भारत की 6 दिसंबर 1980 को पहली बार जब वनडे क्रिकेट में भारत-ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने हुए थे। सुनील गावस्कर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने कंगारुओं को उनके गढ़ मेलबर्न के मैदान पर हराया था। भारत की 66 रनों की उस जीत का सेहरा संदीप पाटिल के सिर बंधा था। संदीप (64 रन और एक विकेट) ने दोहरा प्रदर्शन कर कंगारुओं को करारी शिकस्त दी थी। यह जीत इसलिए भी खास थी, क्योंकि भारतीय टीम को टेस्ट में कंगारुओं को उनकी सरजमीं पर पहली बार हराने में 30 साल लग गए थे।




स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com